CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम: 09°C

देहरादून, रविवार 15 फरवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 189 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद पेज 2



भारत- पाक का महामुकाबला आज, बुमराह और कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार होंगे खेल टाइम्स



भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान पेज 11



प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है 'ओ रोमियो' बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में ईडी की कार्रवाई, 100.44 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चल रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी। ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था। ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था।

### भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर बड़ा झूठ फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है।

### मप्र-उप्र, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2डिग्री सेल्सियस और प्रयागराज में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।

## नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो गलियारे को हरी झंडी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किमी लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक

- 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को दी मंजूरी


विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61-62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा।

## अफसर रिटायर होकर 20 साल पुस्तक प्रकाशित नहीं करा सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित




कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 प्वाइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि, इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 फरवरी को संसद परिसर में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर

**आदेश जारी कर सकती है केंद्र सरकार, पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब पर विवाद**

पहुंचे थे। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमायर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमायर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में राहुल गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा कि किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कर कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है। किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा: कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं

गुवाहाटी, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया।

असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को शनिवार को विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए शनिवार को लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही पुलवामा हमले की बरसी है।



- असम दौरे पर पीएम ने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताया
- पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र करते हुए कहा: भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा

### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाइपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बोले कि जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया।

कभी नॉर्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है।

# जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें: सीजेआई

**कॉमनवेल्थ देशों के जजों की बैठक में कहा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों



- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को नुकसान
- CJI ने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई

(नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है, जो दुनिया के साथ बदलता है।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी, ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी, जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

## पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

न्यूयॉर्क, वार्ता

**खालिस्तानी आतंकी** गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर- फॉर- हायर, मर्डर-फॉर- हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत

- दोषी भारतीय नागरिक ने न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला
- 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा

सिंह पन्नू को भारत सरकार ने एक जुलाई 2020 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 फीसदी टैरिफ बनाम 0 फीसदी समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। राहुल गांधी बोले- अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल गांधी ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया, अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल, पोस्ट में राहुल गांधी

**सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल**

बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने वीडियो में यह भी कहा कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है, जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री, खड़गे ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी।

### एसएससी एमटीएस में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया यूपी तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। इन्होंने प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए।

# शंकराचार्य पर टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव का हमला, वाणी ही खोलती है पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। शंकराचार्य के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग शाब्दिक हिस्सा है और यह पाप की श्रेणी में आता है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वाले के साथ-साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप

**■ मुआवजा वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई**

लगाया कि जब भाजपा विधायक जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें जवाब देना पड़ेगा। जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। सपा प्रमुख ने महाकुंभ से जुड़े मुद्दों को भी उठाते हुए आरोप लगाया कि मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए और मुआवजे के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि जिन पीड़ितों तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका पैसा कहां गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पर खुद मुकदमे रहे हों, वे दूसरों के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

### भाजपा सरकार तय करेगी, शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** सीएम योगी द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीऔर कहा कि सीएम के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण-पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब बीजेपी या यूपी सरकार यह तय करेगी कि शंक. राचार्य कौन होगा।

# नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सेवातीर्थ व कर्तव्य भवनों में स्थानांतरण की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब

**■ अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी, आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है**

मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाए, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाए। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: योगी

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, किसानों की आय बढ़ेगी

गोरखपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने



**■ आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे, आज दुनिया के सामने पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री**

गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा।

### गलत जांच रिपोर्ट लगाई, तो दर्ज होगी एफआईआर

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय संत समिति

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि कान छिदवाने से और भगवा पहन लेने से कोई योगी नहीं हो जाता। इस बयान पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अखिल भारतीय संत समिति ने अखिलेश के बयान की घोर निंदा की है। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि सपा नेता किसी के साधु, संत या संन्यासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं बांट सकते। शंकराचार्य पद को लेकर जो सवाल हैं, जिनके गुरु के नाम से उच्चतम न्यायालय में केस अभी निर्णय तक नहीं पहुंचा है।

# सुषमा स्वराज ने सत्ता को सेवा के प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपनी विद्वत्ता, शालीनता और ओजस्विता की अमिट छाप छोड़ने वाली 'पद्म विभूषण' से सम्मानित वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का जीवन भारतीय राजनीति में शुचिता, सामर्थ्य और संवेदना की ऐसी त्रिवेणी था, जिसने सत्ता को 'सेवा' के उच्चतम प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा, संवाद और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाोत बनी रहेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और देशवासियों

**■ योगी ने भाजपा नेता की जयंती पर दी श्रद्धांजलि**

के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज जन्मदिन है। भले ही वह इस दुनिया में ना हो लेकिन लोगों के मन में आज भी उनकी एक अच्छी छवि है। हरियाणा के अंबाला में जन्मीं सुषमा जी ने 52 दिनों के छोटे कार्यकाल के लिए दिल्ली की सीएम के रूप में काम किया। इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला थीं। । सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को पंजाब द्धअब हरियाणाऋ के अंबाला छावनी में एक ब्राह्मण परिवार में हरदेव शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी देवी के घर हुआ था।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार




सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 155920
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 242433
प्रति किलो



# एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए जुटाई गई हो। शेष राशि का योगदान राज्य

**■ यूसीएफ परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये देगी**

सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जाएगा।

## सोना और चांदी धड़ाम, दोनों धातुओं की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी खरीदारों के लिए बड़ा मौका है। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। सोना करीब 3 हजार रुपये तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी के दाम 16,700 रुपये कम हो गए हैं। ये लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट है। बुलियन मार्केट में हाजिर सोने का भाव 1.55 लाख रुपये/10 ग्राम से करीब 3,000 रुपये कम होकर 1.52 लाख रुपये/10 ग्राम रह गया है, ये भाव 24 कैरेट गोल्ड का है। दूसरी ओर चांदी के दाम 16 हजार रुपये से ज्यादा गिर गए हैं और इसका भाव 2,59,133 रुपये/किलो से अब 2,42,433 रुपये/किलो हो गया है।

शनिवार को दिल्ली के स्थानीय ज्वैलरी मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,920 रुपये/10 ग्राम के करीब चल रहा है, वहीं ज्वैलरी बनवाने वाले 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,940 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव, 1,55,650 से गिरकर 1,52,765 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। एक किलो चांदी का भाव 16,700 घटकर 2,42,433 हो गया है, जबकि पहले यह 2,59,133 के स्तर पर था। वायदा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

# चावल सस्ता, चीनी हुई महंगी दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गई। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार. चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये



सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमें वफादारी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से एक न्यूज एजेंसी के साथ इंटरव्यू में देशभर की राजनीति, संसद सत्र और वंदे मातरम विवाद को लेकर कई बाते कहीं हैं। उन्होंने नो-कॉन्फिडेंस मोशन और लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन पर कहा कि न तो मुझसे पूछा गया और न ही मैंने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर साइन किया। प्रिविलेज मोशन में कुछ भी नहीं है और कुछ नहीं होगा।

उन्होंने वंदे मातरम विवाद पर कहा कि हमारा संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से नहीं, संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। क्या वे राष्ट्रगान खत्म करना चाहते हैं! मेरे धर्म की आजादी का क्या? हमें वफादारी के किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं है। मातरम विवाद संघ और बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कि जिस तरह से बीजेपी और आरएसएस देश



**वंदे मातरम् विवाद पर बोले ओवैसी बाबरी पर फैसला गलत था**

को आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक धार्मिक देश बन जाएगा। असम सीएम हेमंता बिस्वा की वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि यह नरसंहार है। अगर मैंने वह वीडियो बनाया होता, तो सोचो देश में क्या होता, कोई उससे सवाल नहीं कर रहा, वह एक ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि अगर वह मियां है, तो उसे 2 रुपये कम दो। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। अब संभल, काशी, मथुरा, मध्य प्रदेश भी खुल गए हैं। जस्टिस जेएस वर्मा ने सही कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम है, लेकिन गलती न करने वाला नहीं है। ओवैसी ने योगी के बयान में

## कानपुर में कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को औषधि विभाग की ओर से छापेमारी में देवनगर के रहने वाले आरोपी सुमित केसरवानी के अनवरगंज स्थित मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में कोडीन कफ सिरप व अल्पराजोलम टैबलेट्स बरामद की गई थीं। आरोपी पर विभाग की ओर से एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवाइयों की खरीद-बिक्री संबंधी डिजिटल डाटा को डिलीट कर दिया था। संचालक द्वारा कई फर्जी फर्में बनाकर दवाइयों व कोडीन सिरप को जमकर बेचा गया। शहर में कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर दो दिनों पहले ही सारनाथ थाना पुलिस टीम ने कानपुर निवासी मुख्य अभियुक्त विनोद अग्रवाल की 5.18 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया था। इस मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि अब जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, उनसे पूछताछ के बाद इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानका. रियां दी हैं।

# अब यूपी में 25 साल पुराने मकान तोड़कर बनाए सकेंगे अपार्टमेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में 25 साल पुराने जर्जर भवनों और तीन साल से बंद पड़े उद्योगों को तोड़कर उनके स्थान पर हाउसिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने रास्ता साफ कर दिया है। सरकार ने इसके लिए शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत यह प्रोजेक्ट उन्ही मकान और भवन पर लागू होगा, जो 1500 वर्ग मीटर भूमि पर बने हुए होंगे। पहले प्राधिकरण की तरफ से उनका स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि मकान किस स्थिति तक जर्जर हो चुका है। मकान या भवन की स्थिति देखकर प्राधिकरण इसके रीडेवलपमेंट की अनुम. ति दे देगा। हालांकि एकल आवासीय या एकल भवन सरकार के इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे। विकास प्राधिकरणों की

**■ यूपी में जर्जर सोसाइटी का होगा रीडेवलपमेंट**
**■ शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी**

तरफ पुनर्विकास योजना का काम खुद करना होगा। सरकार के फैसले के मुता. बिक लीज पर आवंटित भूमि जैसे नजूल भूमि, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और अन्य शासकीय भूमि जिसके फ्री-होल्ड में परिवर्तन नहीं हुआ है, उन्हें भी ऐसे किसी योजना और प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। हालांकि तीन साल से बंद पड़े उद्योग और घाटे में चल रही इकाइयों पर हाउ. सिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने की अनुमति दी जा सकेगी। नॉन कन्फर्मिंग उद्योगों, , शासकीय, निगमों की खाली, कारागार, बस टर्मिनल, डिपो (बस स्टॉप छोड़कर) पर भी ये योजना लागू हो सकेगी। हाउसिंग सोसाइटी और रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी भी सरकार के इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्हें इसमें शामिल होने के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों को आवेदन देना होगा। हालांकि इसके लिए सोसाइटी के दो तिहाई सदस्यों की अनुमति आवश्यक है। अप्रूवल मिलने के 6 महीने के अंदर वहां रहने वालों से घर खाली कराना होगा और 1 साल के अंदर काम शुरू कराना होगा। शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत हो रहे निर्माण काम तो तीन साल के भीतर पूरा करना होगा, ऐसा नहीं होने पर दो साल का विस्तार दे दिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के 10-10 फीसदी मकान बनाने पर शेल्टर फीस में छूट दी जाएगी। इसके अलावा अगर कोई भवन तोड़ा जाता है, उसे फिर से नया बनाया जाता है, तो वहां रहने वालों को दूसरे स्थानों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी या किराया दिया जाएगा। भवन फिर से तैयार होने पर मकान के आवंटन पहले की ही तरह किए जाएंगे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है, तो लॉटरी सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

# 2027 के चुनाव में जीत को लेकर महामंथन

## कोर ग्रुप बैठक में नड्डज्ञ ने सरकार और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय पर दिया बल

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश कोर कमेटी बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सरकार और कार्यकर्ताओ के बीच समन्वय पर दिया बल दिया। उन्होंने प्रदेश मे संगठन और सरकार के मध्य बेहतर समन्वय और विकास कार्यों की उपलब्धियों के लिए धामी सरकार की पीठ थपथपाई। बैठक में 27 के चुनावों में जीत को लेकर रणनैतिक मार्गदर्शन दिया।

मीडिया ब्रीफिंग में बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बताया कि शनिवार को नड्डा के समक्ष संगठन के कार्यक्रमों और सरकार के कामों की विस्तार से समीक्षात्मक चर्चा की गई। जिसमें उनके द्वारा प्रदेश संगठन और सरकार की पीठ थपथपाते हुए सभी से 27 के चुनाव को लेकर कमर कसने का आह्वान किया। इस दौरान उनके द्वारा रणनीतिक मार्गदर्शन दिया गया कि कैसे पार्टी को एकजुटता से काम करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में पहले से भी बड़ी जीत को हासिल करना है। भट्ट ने कहा कि बैठक में मुख्यत तीन बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिसमें सरकार और संगठन के समन्वय को अधिक बेहतर करते हुए जन जन तक अपनी उपलब्धियां को पहुंचाया जाए। जिसकी शुरुआत आगामी 17 फरवरी को मुख्यमंत्री के साथ संगठन बैठक से होगी, जिसमें प्रदेश पदाधिकारी ,जिला अध्यक्ष ,जिला प्रभारी एवं जिला सह प्रभारी शामिल होंगे। शीघ्र विधानसभा चुनाव की दृष्टि से मंडल स्तर पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और बीएलए के सम्मेलन किए जायेंगे। जिसमें पार्टी का लक्ष्य है कि सभी बूथों को मजबूत किया जाए। पार्टी 23 मार्च को प्रदेश भाजपा सरकार के 4 वर्ष पूरे होने पर 1.5 से 2.0 लाख की संख्या वाली रैली आयोजित की जाएगी, जिसके लिए प्रधानमंत्री या गृहमंत्री से समय मांगा जाएगा। इसी तरह 17 फरवरी से पार्टी प्रदेश में प्रशिक्षण महा अभियान की शुरुआत प्रदेश कार्यशाला से करने वाली है। जिसके बाद मंडल और जिले स्तर पर प्रशिक्षण महा अभियान की कार्यशाला संचालित की जाएगी।



■ प्रदेश में बेहतर विकास कार्यों की उपलब्धियों के लिए धामी सरकार की थपथपाई पीठ ■ संगठन के स्वरूप में विस्तार और 2027 के मिशन से जुटने का आह्वान

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय मंत्री अजेय टम्टा, पूर्व मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व मुख्यमंत्री सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, टिहरी सांसद महारानी माला राज्यलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, प्रदेश महामंत्री संगठन श्री अजेय कुमार, प्रदेश कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज, डा धन सिंह रावत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मदन कौशिक शामिल हुए। जोलीग्रांट स्थित कार्यक्रम स्थल में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत, तरुण बंसल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, ऋषिकेश जिला अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### संगठन के आयोजित कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि कोर कमेटी में संगठन के आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई जिसमें सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक, योग दिवस, एक पेड माँ के नाम, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस, आपातकाल का काला अध्याय (50वां वर्ष), तिरंगा यात्रा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म, प्रदेश संगठनात्मक कार्यशाला, सरदार पटेल / 150 यूनिटी मार्च, वंदे मातरम / 150 वर्ष, जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार, अटल स्मृति वर्ष 2025, बीर बाल दिवस, वीबी-जी राम-जी व बजट प्रचार अभियान ।

# देश पुलवामा हमले के वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा : जोशी



■ पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर सैनिक कल्याण निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में वीर शहीदों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने इस मौके पर कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश ने अपने 40 वीर जवानों को खोया था, जिसकी पीड़ा आज भी प्रत्येक भारतीय के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि देश अपने वीर शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने बताया कि पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों में उत्तराखंड के दो वीर सपूत भी शामिल थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मेजर जनरल सम्मी सबरवाल (सेनि), उपनल एमडी ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट (सेनि), उपनिदेशक कर्नल योगेन्द्र कुमार (सेनि), उपनिदेशक विंग कमांडर निधि बधानी (सेनि), शमशेर सिंह बिष्ट सहित कई पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# नवनियुक्त एसएसपी डोबाल ने संभाली दून पुलिस की कमान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद मीडिया से रूबरू होते हुए एसएसपी ने साफ कर दिया कि उनकी प्राथमिकता केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि आम जनमानस में सुरक्षा का भाव पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी और संवे. दनशील बनाया जाएगा।शहर की बढ़ती ट्रैफिक समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस धरातलीय प्रयास किए जाएंगे।सांप्रदायिक सौहार्द या धार्मिक सामंजस्य बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ श्जीरो टॉलरेंसश की नीति अपनाई जाएगी। एसएसपी ने चेता. वनी दी कि माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई होगी। फील्ड में तैनात पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ कर अपराधियों में खौफ पैदा करना प्राथमिकता रहेगी।देहरादून पुलिस का प्रयास होगा कि जनता खुद को सुरक्षित महसूस करे। हम तकनीकी और व्यवहारिक दोनों मोर्चों पर पुलिसिंग को बेहतर बनाएंगे। अराजक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



■ 'कानून से खिलवाड़ करने वालों पर बरतेंगे जीरो टॉलरेंस'

# भ्रष्टाचार व लापरवाही पर ऋषिकेश के उप-निबंधक निलंबित

■ जीरो टॉलरेंस के तहत डीएम की 'सर्जिकल स्ट्राइक' से सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** भ्रष्टाचार और कार्यप्रणाली में लापरवाही पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए शासन ने ऋषिकेश के उप-निबंधक (सब-रजिस्ट्रार) हरीश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के औचक निरीक्षण में मिली गंभीर अनियमितताओं और करोड़ों की स्टाम्प चोरी के पुख्ता प्रमाणों के बाद यह कड़ी कार्रवाई की गई है।

कार्यालय में बिना किसी नियुक्ति के 'घोस्ट' कर्मचारी रजिस्ट्री का काम करते मिला। औद्योगिक क्षेत्रों की जमीनों को आवासीय दिखाकर करोड़ों के राजस्व का चूना लगाया गया। नियम के अनुसार रजिस्ट्री 3 दिन में मिलनी चाहिए, लेकिन यहाँ सैकड़ों मूल दस्तावेज महीनों और वर्षों से अलमारियों में धूल फांक रहे थे।

उप-निबंधक की अनुपस्थिति में एक क्लर्क अवैध रूप से विलेखों का पंजीकरण कर रहा था। जनता की शिकायतों और राजस्व की क्षति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ऋषिकेश कार्यालय में मिली खामियां बेहद गंभीर हैं। अन्य कार्यालयों पर भी प्रशासन की पैनी नजर है।

# हाईटेक नकल माफिया का 'अंडरग्राउंड' खेल खत्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में परीक्षा माफियाओं ने धोखाधड़ी का ऐसा श्पाताल लोकश बनाया जिसे देखकर एसटीएफ के अधिकारी भी दंग रह गए। शुक्रवार को उत्तराखंड और यूपी एसटीएफ की संयुक्त टीम ने एमकेपी इंटर कॉलेज स्थित 'महादेव डिजिटल जोन' सेंटर पर छापेमारी कर एसएससी मल्टी-टास्किंग परीक्षा में चल रहे हाईटेक नकल के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पत्रकारों से बात. चीत करते हुए आईजी निलेश भरणे ने कहा कि नकल का यह तरीका किसी फिल्मी साजिश से कम नहीं था। सेंटर के यूपीएस रूम के भीतर जमीन खोदकर एक गुप्त चौंबर (गड्ढा) बनाया गया था। इस तहखाने के अंदर बैठकर गिरोह के गुर्गे लैपटॉप के जरिए अभ्यर्थियों के कंप्यूटर सिस्टम का रिमोट एक्सेस लेते थे और बाहर से पेपर हल करते थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान नीतिश कुमार और भास्कर नैथानी के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया है कि यह गिरोह एक अभ्यर्थी से परीक्षा पास कराने के बदले 10-10 लाख रुपये की मोटी रकम वसूलता था। मौके से भारी मात्रा में लैपटॉप, राउटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपियों पर उत्तराखंड के कठोर नकल विरोधी कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। महादेव डिजिटल जोन सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है।आईजी नीलेश भरणे ने बताया कि यूपी और उत्तराखंड एसटीएफ की सटीक सूचना पर यह कामयाबी मिली।परीक्षा केंद्रों में इस तरह की सुरंग या चौंबर बनाकर नकल करना तकनीकी रूप से गंभीर मामला है। जांच की जा रही है कि इस खेल में सेंटर संचालक और अन्य कितने लोग शामिल हैं।



■ एसटीएफ का बड़ा एक्शन
■ एमकेपी कॉलेज के सेंटर में मिला गुप्त तहखाना
■ जमीन के नीचे से हैक हो रहे थे कंप्यूटर, 2 गिरफ्तार

# जून में आयोजित होगा देवभूमि कल्चरल फेस्टिवल: महाराज

■ 31 मई है 'नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन' की प्रस्तावित तिथि

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि अप्रैल 2026 में भारतीय सेना के साथ सूर्य देवभूमि चौलेंज का आयोजन प्रस्तावित है जिसके तहत हेलंग से उर्गम, रूद्रनाथ, मंडल होते हुए ऊखीमठ तक कुल 91 किमी. ट्रेल का आयोजन किया जाएगा।

महाराज ने कहा कि शीतक. ालीन पर्यटन एवं साहसिक खेलों को बढ़ावा दिए जाने हेतु औली में विश्व प्रसिद्ध नेशनल हिमकीडा स्कीइंग विंटर कार्निवल-2026 का शुभारंभ हो चुका है जो कि 16 फरवरी 2026 तक चलेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब विंटर कार्निवल का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन मंत्री ने बताया कि आदि कैलाश अल्ट्रा मैराथन की सफलता के बाद पर्यटन विभाग की और से जनपद चमोली की नीति घाटी में 31 मई 2026 को नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत रिमखिम से नीति होकर मलारी तक कुल 75 किमी. अल्ट्रा मैराथन एवं मलारी से नीति होकर मलारी तक कुल 42 किमी. मैराथन आयोजित की जायेगी। इस मैराथन में विदेशी प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। महाराज ने बताया कि जून 2026 में भारतीय सेना के साथ मिलकर राज्य का पर्यटन विभाग बद्रीनाथ एवं माणा में देवभूमि कल्चरल फेस्टिवल के द्वितीय संस्करण का आयोजन करेगा। इसके अलावा 80 के दशक में कुमाऊँ से गढ़वाल के मध्य होने वाली प्रसिद्ध हिमालयन कार रैली का वर्ष 2026 में पुनः आयोजन किया जायेगा। पैराग्लाइडिंग गति. विधियों के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य में गत माह एक्रो फेस्टिवल का आयोजन किया गया है जिसे कैलेंडर इवेंट की तरह हर साल आयोजित किया जाएगा। पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत केदारनाथ और हेमकुण्ड रोपवे का निर्माण कार्य इस वर्ष से होना प्रस्तावित है। रोपवे के निर्माण से इन दोनों धामों में आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा में सुगमता और सुविधा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार पर्यटन को राज्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार स्तंभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शीतकालीन पर्यटन को वर्षभर के पर्यटन चक्र में समाहित कर हम उत्तराखंड के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में संतुलित और सतत विकास सुनिश्चित कर रहे हैं।



### महाराज ने केंद्रीय मंत्री नड्डा से की शिष्टाचार भेंट

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें पुस्तक और कार्तिक स्वामी का स्मृति चिन्ह भेंट किया। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा प्रदेश कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संगठन मजबूती, चुनावी तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की

# पौड़ी के बाड़ा गांव में आदमखोर गुलदार ढेर

■ शूटर जॉय हुकिल ने फिर कारनामे को दिया अंजाम

शाह टाइम्स संवाददाता

पौड़ी। उत्तराखंड के पौड़ी जिले के बाड़ा गांव में बीते 15 जनवरी को गुलदार ने नेपाली मूल के एक व्यक्ति को मार दिया था। जिसके बाद से ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था। ग्रामीण कई दिनों से घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे थे। वन विभाग लगातार आदमखोर की तलाश में जुटा हुआ था। लंबे प्रयासों के बाद शुक्रवार रात वन विभाग पौड़ी की टीम और प्रसिद्ध शूटर जॉय हुकिल ने संयुक्त अभियान चलाकर आदमखोर गुलदार को मार गिराने में सफलता हासिल की है।

मृत गुलदार को पोस्टमार्टम के लिए नागदेव रेंज लाया गया है. जहां पशु चिकित्सकों की टीम उसकी जांच करेगी। जिससे यह पुष्टि हो सके कि वही हमलावर गुलदार था या नहीं। गुलदार के मारे जाने के बाद क्षेत्र में लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के जंगलों में अभी भी कई गुलदार देखे जा रहे हैं, इसलिए खतरा पूरी तरह टला नहीं है। इसके बावजूद आदमखोर के खत्म होने से गांव में फैला भय काफी हद तक कम हुआ है. लोग अब सामान्य दिनचर्या की ओर लौटने की उम्मीद जता रहे हैं।

शूटर जॉय हुकिल ने बताया जनवरी माह में इस गुलदार ने नेपाली मूल के एक व्यक्ति को अपना शिकार बनाया था। घटना के बाद से वन विभाग लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहा था. पहले चरण में गुलदार को ट्रेंकुलाइज कर पिंजरे में कैद करने की कोशिशें की गईं। इसके लिए गांव के आसपास ट्रैप कैमरे और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। जिससे उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके. हालांकि गुलदार बेहद चालाक साबित हुआ। वह कई बार पिंजरे के आसपास मंडराने के बाद सुरक्षित दिशा में निकल जाता था. जिससे उसे पकड़ना मुश्किल हो रहा था। लंबे प्रयासों और निगरानी के बाद शुक्रवार रात वन विभाग और शूटरों की टीम को उसे शूट करने में सफलता मिली। उन्होंने बताया मादा गुलदार की उम्र लगभग 6 से 7 वर्ष थी। डीएफओ पौड़ी महातिम यादव के अनुसार 15 जनवरी की घटना के बाद विभाग की टीम लगातार मुस्तैद थी। पहले गुलदार को पिंजरे में कैद या बेहोश करने का प्रयास किया गया, लेकिन असफल रहने पर अंतिम विकल्प के रूप में उसे मारने की अनुमति दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम और दो अनुभवी शूटरों की मदद से ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। गुलदार के मारे जाने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## समस्याओं का समाधान शासन का दायित्व: डीएम

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने शनिवार को ऋषिपर्णा सभागार में राज्य आंदोलनकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुरूप राज्य आंदोलनकारियों का चयन और उनके हितों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आंदोलनकारियों ने शपथ-पत्र के आधार पर चिन्हीकरण की मांग उठाई। डीएम ने भरोसा दिलाया कि उपलब्ध अभिलेखों और शपथ-पत्रों को प्रबल संस्तुति के साथ शासन को भेजा जाएगा। जिलाधिकारी ने आंदोलनकारी संगठनों से आपसी समन्वय और सर्वसम्मति से समिति सदस्यों के नाम प्रस्तावित करने को कहा, ताकि चयन प्रक्रिया पारदर्शी हो सके। बैठक में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) के.के. मिश्रा, एसडीएम हरी गिरी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह आयोजित

# डिग्री के साथ मानवता की सेवा का दायित्व भी जुड़ाः नड्डा

■ विभिन्न संकायों में 1001 छात्र-छात्राओं प्रदान की गई डिग्रियां
■ सीएम धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट रहे मौजूद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जॉलीग्रांट स्थित स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर

केंद्रीय मंत्री ने विभिन्न संकायों में डिग्री प्राप्त करने वाले 1001 छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। केंद्रीय स्वास्थ्य मत्री नड्डा ने कहा कि यह दीक्षांत केवल एक शैक्षणिक पड़ाव नहीं, बल्कि जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। डिग्री के साथ मानव निर्माण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व भी जुड़ा होता है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल के अगले 25 वर्ष विकसित भारत के निर्माण के निर्णायक वर्ष होंगे, जिनमें आज के युवा साक्षी ही नहीं, कर्ताधर्ता भी बनेंगे। प्राप्त शिक्षा का उपयोग मानवता, गरीब और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए करने का आह्वान उन्होंने किया। इस अवसर पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजेंद्र डोभाल, प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### 1001 विद्यार्थियों को डिग्रियां, सीडीओई का शुभारंभ

दीक्षांत समारोह में मेडिकल, एलाइड हेल्थ, नर्सिंग, मैनेजमेंट, इंजी. नियरिंग, योग विज्ञान एवं बायो-साइंसेज संकायों के 1001 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की गईं। 31 विद्यार्थियों को अकादमिक अवार्ड, 2 छात्रों को स्वामी राम बेस्ट ग्रेजुएट अवार्ड तथा 14 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह के अवसर पर सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) का ऑनलाइन शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय को नैक से ए+ ग्रेड प्राप्त होने के कारण सीडीओई के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रम यूजीसी से एंटाइटल्ड हैं, जिससे विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा मिलेगी।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. धस्माना के नेतृत्व को सराहा

जेपी नड्डा ने विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान मानव सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य क्षेत्र में उपलब्धियों, आयुष्मान भारत योजना, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार, टीबी- मलेरिया-डायरिया उन्मूलन में प्रगति और कैंसर के अर्ली डिटेक्शन जैसी पहलों को रेखांकित किया।संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने शिक्षा को केवल डिग्री मात्र नहीं बल्कि आत्मज्ञान, सशक्तिकरण और परिवर्तन का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान का मुख्य फोकस मानव सेवा और नैतिकता के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।


एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड

espire HOSPITALITY GROUP

पंजीकृत कार्यालयः दुकान संख्या 1, कंट्री इन मेहरागांव, भीमताल, उत्तराखंड – 263132
कॉर्पोरेट कार्यालयः ए 41, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली – 110044
फोनः +91 11 7154 6500 | ईमेलः cs@espirehospitality.com | वेबः www.espirehospitality.com
पैनः AAACU0234B | सीआईएनः L45202UR1991PLC000604

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(जैसा बताया गया है उसे छोड़कर लाख रुपये)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | नौ माही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 30.09.2025 अलेखापरीक्षित | 31.12.2024 अलेखापरीक्षित | 31.12.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| परिचालन से कुल आय | 4,149.29 | 1,909.78 | 4,132.76 | 9,233.20 | 12,016.18 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), असाधारण मदें और/या असाधारण मदें | 1,116.60 | (586.06) | 369.34 | 721.33 | 1,081.30 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (असाधारण मदों के बाद और/या असाधारण मदें) | 1,116.60 | (586.06) | 369.34 | 721.33 | 1,081.30 |
| कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (असाधारण मदों के बाद और/या असाधारण मदें) | 818.91 | (571.33) | 279.37 | 489.84 | 827.35 |
| कुल व्यापक आय अवधि (लाभ/हानि सहित) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय | 818.91 | (569.27) | 279.37 | 489.84 | 819.13 |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 1,492.26 | 1,492.26 | 1,350.04 | 1,492.26 | 1,492.26 |
| प्रति शेयर आय (रु. 10/– प्रत्येक) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए)– | | | | | – |
| मूल (रु. में) | 6.07 | (4.22) | 2.07 | 3.63 | 6.07 |
| तनुकृत (रु. में) | 6.07 | (4.22) | 2.07 | 3.63 | 6.07 |

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः www.espirehospitality.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल की ओर से
एस्पायर हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड
हस्ता./–
अखिल अरोड़ा– प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
डीआईएनः 09312308

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13/02/2026

# आज तय होगी केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि

■ धाम में महिश रूप में पूजे जाते हैं भगवान शिव, नर व देव पूजा की परंपरा, द्वापर युग में पांडवों ने की थी मंदिर की स्थापना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की शुभ तिथि आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर घोषित की जाएगी। शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के बाद विद्वान आचार्यों और हक-हकूकधारियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यह निर्णय लिया जाएगा। इस वर्ष की घोषणा इसलिए भी खास है, क्योंकि केदारनाथ धाम के नए रावल 'केदार लिंग' के नाम की आधिकारिक घोषणा भी आज ही होनी है।

महाशिवरात्रि के अवसर पर ओंक. ारेश्वर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। बीकेटीसी ने आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परंपरा के अनुसार, आज सुबह की विशेष पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट खुलने का मुहूर्त सार्वजनिक किया जाएगा। इसके साथ ही बाबा की पंचमुखी डोली के धाम प्रस्थान का पूरा कार्यक्रम भी जारी होगा।

केदारनाथ धाम को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में ग्यारहवें ज्यातिर्लिंग के रूप में पूजा जाता है। ग्रीष्मकाल के छह माह नर तो शीतकाल के छह माह में देवता भगवान केदारनाथ की पूजा-अर्चना करते हैं। केदारनाथ धाम उत्तराखंड के चार धामों में से एक और पंच केदार में प्रथम केदार के रूप में पूजा जाता है। शीतकाल में केदारनाथ धाम में बर्फबारी होने के बाद कपाट छह माह के लिये कपाट बंद हो जाते हैं और शीतक. ालीन पूजा-अर्चना शीतकालीन गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में संपंन की जाती है।

मेरू-सुमेरू पर्वत की तलहटी के बीच केदार सिंह पर्वत और मंदा. कनी के तट पर भगवान केदारनाथ का भव्य मंदिर विराजमान है। मान्यता है कि द्वापर युग में पांडव गौत्र हत्या की मुक्ति से केदारनाथ धाम आये थे। भगवान शिव ने पांडवों को यहां महिष रूप में दर्शन दिये थे। जिसके बाद यहां पांडवों ने भगवान शिव के केदारनाथ के रूप में ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। प्रत्येक वर्ष अप्रैल-मई माह में छह माह ग्रीष्मकाल के लिये भगवान केदारनाथ के कपाट आम भक्तों के दर्शनों के लिये खुले रहते हैं। जबकि शीतकाल में दीपावली के बाद भैयादूज के पर्व पर केदारनाथ के कपाट बंद किये जाते हैं।

## नए रावल 'केदार लिंग' संभालेंगे जिम्मेदारी

रुद्रप्रयाग। इस वर्ष की घोषणा इसलिए भी खास है क्योंकि केदारनाथ धाम के नए रावल केदार लिंग के नाम की आधिकारिक घोषणा की जानी है। रावल परंपरा के अनुसार धाम की पूजा पद्धति और धार्मिक व्यवस्थाओं का सर्वोच्च निर्वहन करते हैं। नए रावल की नियुक्ति को लेकर तीर्थ पुरोहितों और भक्तों में काफी जिज्ञासा और उत्साह बना हुआ है।

# पर्वतारोहण व ट्रैकिंग की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम : जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद में ट्रेकिंग व साहसिक पर्यटन की अनुमति के लिए पर्यटकों को अब विभागों के चक्कर नहीं काटने होंगे, राज्य सरकार की पहल पर ट्रेकिंग व साहसिक पर्यटन गतिविधियों के संचालन को पूर्णत: आधुनिक, पारदर्शी व नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक्सप्लोर उत्तरकाशी डॉट कॉम पोर्टल नाम से नया पोर्टल शुरू किया गया है।बता दें, नया पोर्टल शुरू न होने की इस समस्या को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया था। पूर्व में जनपद में ट्रेकिंग गतिविधियों का संचालन ऑफलाइन प्रणाली पर आधारित था, जिसमें एजेंसियों के सत्यापन, ट्रेकर्स के दस्तावेजों की चेकिंग, गाइडों की योग्यता की पुष्टि, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा ट्रेकिंग पास जारी आदि के लिए पर्यटकों सहित ट्रेकिंग एजेसियों को वन विभाग व एसडीएम कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे।

इसके मध्येनजर गत वर्ष सिंगल विंडो सिस्टम का नया पोर्टल तैयार करने की कवायद शुरू हुई थी। लंबे इंतजार के बाद सिंगल विंडो सिस्टम का नया पोर्टल एक्सप्लोर उत्तरकाशी डॉट काम के नाम से लांच हो चुका है।

वहीं, उत्तरकाशी के जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी ने बताया कि नए पोर्टल पर जनपद की सभी ट्रेकिंग एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी एजेंसी का प्रोफाइल, पंजीकरण विवरण, कार्यरत गाइडों के प्रमाणपत्र व अनुभव अभिलेख तथा अन्य सभी आवश्यक सूचनाएं पोर्टल पर अपडेट रखने को कहा गया है। प्रत्येक एजेंसी के लिए कम से कम दो स्वीकृत व प्रशिक्षित गाइडों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जिनके किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से माउंटेनियरिंग प्रशिक्षण, हाई-एल्टीट्यूड व फर्स्ट एड प्रमाणपत्र, अनुभव विवरण तथा पहचान दस्तावेज पूरी तरह से सत्यापित एवं अपलोड होने चाहिए।

उन्होंने बताया कि ओटीपी नहीं ई-मेल किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 125 एजेंसी और , गाईड 50 है।जिन चोटियों को पर्वतारोहण के लिए खोला गया है उनकी ऊंचाई 5,700 मीटर से 7,756 मीटर तक है। इसमें कामेट (7,756 मीटर), नंदा देवी ईस्ट, चौखंबा समूह, त्रिशूल समूह, शिव. लिंग, सतोपंथ, चंगाबांग, पंचचूली और नीलकंठ जैसी विश्व प्रसिद्ध और चुनौतीपूर्ण चोटियां शामिल हैं। ये शिखर न केवल तकनीकी कठिनाई और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि हिमालय की भव्यता के जी नियमावली के लागू से जहां एक तरफ देश और दुनिया भर से आने वाले ट्रैक्टर्स के लिए राज्य में ट्रैकिंग करना ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक होगा तो वही नियम बनने के बाद इस साहसिक गतिविधि का हिस्सा बनना भी थोड़ा मुश्किलें भी बढ़ गई है।

# केंद्रीय विद्यालय खोलने को लेकर किशोर उपाध्याय ने दिल्ली में की मुलाकात

नई टिहरी। टिहरी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ और पिछड़े इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने एक बड़ी पहल की है। उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट कर टिहरी और गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के संधि स्थल गौंसारी में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है।

विधायक का मानना है कि यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो यह न केवल टिहरी बल्कि पौड़ी गढ़वाल संसदीय क्षेत्र के सीमांत गांवों के लिए भी शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

किशोर उपाध्याय ने शिक्षा मंत्री के समक्ष क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों और शैक्षिक आवश्यकताओं का विस्तार से ब्यौरा रखा।

उन्होंने अवगत कराया कि गौंसारी और उसके आसपास का क्षेत्र विकास की दौड़ में काफी पिछड़ा हुआ है और यहां लंबे समय से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थानों का अभाव रहा है।

केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होने से क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से भी व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है कि वे इस जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता दें। उन्होंने दोनों सांसदों से निवेदन किया है कि वे क्षेत्रीय जनता की इस पुरानी मांग को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर प्रभावी पैरवी करें।

# टिहरी की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने लिया आधुनिक तकनीक का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पर्वतीय मार्गों पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए टिहरी जिला प्रशासन अब आधुनिक तकनीक का सहारा ले रहा है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के दिशा-निर्देशन में सड़क हादसों के वैज्ञानिक विश्लेषण और उनकी रोकथाम के उद्देश्य से जनपद में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु आईआरएडी यानी इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस पोर्टल रहा, जिसके माध्यम से भविष्य में सड़क सुरक्षा की रणनीतियां तैयार की जाएंगी। प्रशासन का मानना है कि सटीक आंकड़ों और वैज्ञानिक पद्धति से ही



हादसों की दर को कम किया जा सकता है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान डिजिटल रिसोर्स मैनेजर रविंद्र सिंह चौहान ने उपस्थित अधिकारियों को आईआरएडी पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल केवल डेटा संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के बीच एक सेतु का काम करता है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग और परिवहन विभाग आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य कर सकते हैं। प्रशिक्षण में बताया गया कि जब भी कोई सड़क दुर्घटना होती है, तो उससे संबंधित डेटा को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसके माध्यम से सड़क की स्थिति की जांच रोड एजेंसी द्वारा, वाहन की तकनीकी जांच परिवहन विभाग द्वारा और पीड़ित की मेडिकल रिपोर्ट, जैसे ड्रंक ड्राइव रिपोर्ट या पोस्टमार्टम रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुरंत साझा की जा सकती है। यह साझा जानकारी दुर्घटना के सही कारणों तक पहुंचने में मदद करती है।

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र में अपर पुलिस अधीक्षक दीपक सिंह, क्षेत्राधिकारी चंबा महेश लखेड़ा, क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर सुरेन्द्र सिंह भंडारी और मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार सहित जनपद मुख्यालय के समस्त थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर शिवालय का श्रंगार, लाइटों व फूलों से सजा मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बाबा विश्वनाथ की नगरी के शिव मंदिरों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शिवालयों में साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का सिलसिला तेजी से चल रहा है।शिवभक्त शिवालयों में सुबह से ही मंदिर पहुंच जाते हैं। शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए लाइनों में खड़े होते हैं। कल की महाशिवरात्रि के लिए उत्तरकाशी का विश्वनाथ मंदिर, गोपेश्वर मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए सजाया गया है। लाइटों और फूलों से शिवालय का श्रृंगार किया गया है। किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो, इसके लिए सारी व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं का कहना है कि ष्वे इस मंदिर में कई सालों से मंदिर में आ रहे हैं। यहां पर हर मनोकामना पूरी होती ह।शिवरात्रि के पावन पर्व पर उत्तरकाशी में निसंतान दंपत्ति रात भर हाथ पर खड़ा दीपक लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर में जागरण करती है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है ऐसा विश्वास है घ।

वहीं काशी विश्वनाथ के महंत जयेंद्र पुरी ने बताया कि भगवान काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में शनिवार को छोटे बच्चों के मध्य शंख ध्वनि प्रतियोगिता शिव तांडव प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जा ताकि छोटे बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति से जोड़ सके । उन्होंने बताया कि

रविवार को रामलीला मैदान से विशाल शोभा यात्रा निकाली जा रही जिसमें इस साल उत्तरकाशी से बाहर से भी काफी लोग आ रहे हैं मंदिर में अखंड जागरण भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है मंदिर समिति के द्वारा समय-समय पर विशेष बैठक करके इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी भक्तों को कार्य वितरण किया गया है।

# लोक कला संस्कृति केंद्र को राष्ट्रीय नाट्य समारोह में किया आमंत्रित

**श्रीनगर।** देश की सर्वोच्च नाट्य संस्था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) नई दिल्ली के द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नाट्य समारोह भारंगम में पहली बार नाट्य मंचन के लिए गढ़वाल विवि के लोक कला संस्कृति केंद्र को आमंत्रित किया गया है। जिसमें एमए रंगमंच एवं डिप्लोमा के छात्र प्रतिभाग किया जायेगा। लोक कला एवं संस्कृति केंद्र के उप निदेशक डॉ. संजय पाण्डेय ने बताया कि विगत 2 महीने की कठिन मेहनत के बाद प्रसिद्ध लेखक गिरिश कन्नाड द्वारा लिखित नाटक तुगलक का मंचन तैयार किया गया है। बताया कि तुगलक नाटक में राजा के शासनकाल को दिखाया गया है। कहा कि किस तरह वह अपने से ज्यादा प्रेम करता है और फिर अपना सब कुछ गांव बैठता है। कहा कि चार दिवसीय नाट्य समारोह में देहरादून के हिमालयन सेंटर के प्रेक्षाग्रह में होगा।

# बजट से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मिलेगी मजबूती:नेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा जिला पौड़ी द्वारा श्रीनगर मंडल कार्यालय में शनिवार को बजट 2026 में श्रमिक संवाद कार्यक्रम एवं नवीन मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बजट 2026 को श्रमिकों, गरीबों, युवाओं, किसानों और आमजन के हित में ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट देश के समग्र और संतुलित विकास को गति प्रदान करेगा। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष जगमोहन नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग के सशक्तीकरण को समर्पित है। कहा कि बजट में आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती मिली है। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन और गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए डॉ. धन सिंह रावत के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस मौके पर जिला प्रभारी मधु खुगशाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, मंडल महामंत्री शुभम प्रभाकर, राजेश्वरी पुरी, उमा गुनसोला, शशि पंवार, सविता पंवार, दिनेश उनियाल, सूर्य प्रकाश, झाबर सिंह, मीना असवाल सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### रित्विक कंपनी के कर्मचारियों ने किया 51 यूनिट रक्तदान

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के टीचिंग बेस अस्पताल के ब्लड बैंक द्वारा रेलवे निर्माण कार्य में जुटी रित्विक कंपनी के सौजन्य से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। बेस अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. दीपा हटवाल एवं पूर्व प्रभारी डॉ. सतीश कुमार के नेतृत्व में हुए शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 51 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी योगदान दिया। शिविर के दौरान चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक मानकों के अनुरूप रक्त संग्रह किया। कंपनी में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. अजीत, हरिश भारद्वाज, तकनीशियन अमितकांत भट्ट, सुमित्रा तथा राक. ेश बुटोला सहित आदि मौजूद थे।

### गढ़वाल विवि में एमएमटीसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीसी) के ओर से भारतीय ज्ञान परम्परा के पाठ्यक्रम में प्रभावी एकीकरण के उद्देश्य से 16 फरवारी से विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। एमएमटीसी के निद. ेशक प्रो. डीएस नेगी ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 21 फरवरी तक अकादमिक क्रियाकलाप केन्द्र चौरास परिसर में आयोजित किया जायेगा। कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 55 संकाय सदस्य तथा विश्वविद्यालय नगर से 45 शोधार्थी प्रतिभाग करेंगे। बताया कि यूजीसी द्वारा केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रो. सुब्रमण्यम को कार्यक्रम की संपूर्ण अवधि के लिए यूजीसी ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में डॉ. अमरजीत सिंह की नियुक्ति की गई है।

### चौरास डैम के पास मिला 86 वर्षिय बुजुर्ग का शव

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्रांर्गत डैम साइट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हडकंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। कीर्तिनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि शनिवार को डैम साइट से सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात का शव पड़ हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। कहा कि पुलिस द्वारा शव की पहचान के लिए अथक प्रयास किए गए। मृतक का नाम मोहन सिंह (86) पुत्र गुसाईं सिंह निवासी ग्राम त्युडी, थाना व पोस्ट ऑफिस गुप्तकाशी जिला रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। शव की पहचान मृतक के परिजनों ने की है। कोतवाल मिश्रा ने बताया कि गुप्तकाशी पुलिस से जानकारी देते हुए बताया कि मृतक बीते 26 जनवरी से अपने घर से लापता थे, जिनकी गुमशुदगी परि. जनों ने 29 जनवरी को थाना गुप्तकाशी में दर्ज कराई गई थी। बताया कि शव को परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मालवीय उद्यान कोटद्वार कार्यालय में पुलवामा शहीद दिवस की 7वीं वर्षगांठ पर शहीद सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने पुलवामा शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश- ए- मोहम्मद ने एक षड्यंत्रपूर्वक 300 किलो आरडीएक्स हमले में देश के 40 जवान शहादत देकर देश पर सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस घटना को केंद्र सरकार की एजेंसियों की भारी चूक माना गया वहीं अभी तक सरकार देश को जानक. ारी नहीं दे पा रही है कि 300 किलो आरडीएक्स कहां से आया, यह देश के लिए घातक सिद्ध हुआ है। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत, वरिष्ठ कांग्रेसी पाती राम ध्यानी, बीरेंद्र सिंह रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, लक्ष्मी चौहान, प्रेम सिंह पयाल, गोकुल सिंह नेगी, भारत सिंह नेगी, दलीप सिंह रावत, कै. रणवीर सिंह रावत, गोकुल सिंह नेगी, मनबर सिंह रावत, देवेन्द्र सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, डॉ विनोद नेगी, कृपाल सिंह नेगी, जावेद हुसैन, महाबीर सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह रावत, देवेन्द्र सिंह रावत, हुकुम सिंह , शैलेन्द्र सिंह आदि सम्मिलित थे।

### आईएचएमएस में छात्र-छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**कोटद्वार।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज की एनएसएस इकाई की ओर से तीन दिवसीय ताइक्वांडो कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक पहले वर्ष के छात्र छात्राओं को आत्म रक्षा के गुर सिखाए गए। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने आपातकाल में दुष्मन के छक्के छुड़ाने के लिए महत्वपूर्ण कौशल सीखे। बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित आत्मरक्षा शिविर का संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने शुभारंभ किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को लगन के साथ कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में ताइक्वांडो प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट कोच चारु संगम ने छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प् उन्होंने शरीर को चुस्त रखने के लिए प्रारंभिक व्यायाम सिखाई। साथ ही अपर पंच, मिडिल पंच और लोअर पंच और किक के माध्यम से दुष्मन को चित करने के उपाय का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्राओं के लिए स्वयं की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पुरोला में रवांई बसंतोत्सव विकास मेला , उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला ( उत्तरकाशी )।** रवांई बसंतोत्सव विकास मेला "पुरोला बाजार की जातर" में इन दिनों रवांई घाटी सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ पहुंच रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लोक परंपराओं और रंगारंग प्रस्तुतियों के चलते मेला पूरे क्षेत्र के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

शनिवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र विक्की चौहान रहे। हिमाचल प्रदेश के इस प्रसिद्ध लोक गायक ने अपनी सुमधुर आवाज और लोकप्रिय पहाड़ी गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच से जैसे ही उनके गीतों की शुरुआत हुइ।

मेला परिसर तालियों और उत्साह से गूंज उठा। दर्शकों ने देर शाम तक उनके गीतों पर झूमते हुए कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम में रवांई व जौनसार क्षेत्र के लोक गायकों ने भी अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियों से स्थानीय संस्कृति की झलक पेश की। हारूल, नाटी और तांदी जैसे लो. कगीतों पर युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी झूमते नजर आए। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने यह साबित किया कि क्षेत्र की लोक परंपराएं आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश चौहान जिला पंचायत अध्यक्ष, विजय बंधानी जिला पंचायत सदस्य तूनाल्का, कमलेश रावत, राजपाल पंवार, राजेश सेमवाल, अंकित पंवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवीन गैरोला, विनोद असवाल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और दूर-दराज से आए दर्शक मौजूद रहे।

अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि रवांई बसंतोत्सव विकास मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्र की लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश के कलाकारों और स्थानीय लोक गायकों की संयुक्त प्रस्तुतियों ने मेले की शोभा को और बढ़ा दिया। वहीं, उत्तरकाशी जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि 'पुरोला बाजार की जातर' आज भी क्षेत्र का सबसे लोकप्रिय और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण आयोजन बना हुआ है।

# केंद्रीय बजट को बताया ऐतिहासिक और किसान हितैषी, थत्यूड़ में भाजपा ने किया संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट की बारीकियों और जनहितकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कमर कस ली है। इसी अभियान के तहत विकासखंड जौनपुर के थत्यूड़ सभागार में एक वृहद किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए इसे विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज करार दिया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उदय सिंह रावत ने कहा कि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार संसद में पेश किया गया यह बजट अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह



बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाला और भविष्य की चुनौतियों से निपटने वाला एक रोडमैप है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने और यह बजट उसी संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है।

जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष बलबीर सिंह राणा, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु डंगवाल, रेखा डंगवाल और कार्यक्रम संयोजक जयपाल कैरवाण ने बजट की प्रमुख उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, जिला पंचायत सदस्य ममता रावत, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतन सिंह रावत, महामंत्री अखवीर, विनीता रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जमुना नौटियाल, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सरस्वती रावत, श्याम सिंह, सत्यम सिंह, रमेश सिंह, ओम प्रकाश और कृपाल सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# कानून-व्यवस्था पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## पुलिस मुख्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन, उग्र आंदोलन की दी धमकी

■ दिन-दहाड़े हत्याओं पर सरकार को चेतावनी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के बैनर तले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने चेतावनी दी कि यदि हत्याओं पर लगाम नहीं लगी तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से निकला मार्च पुलिस मुख्यालय तक पहुंचा, जहां नेताओं ने पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह और चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत भी मौजूद रहे।





**17 दिन में 5 जघन्य हत्याएं, अपराधियों के हौसले बुलंद:** कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राजधानी देहरादून समेत कई जिलों में पिछले 17 दिनों के भीतर दिन-दहाड़े पांच जघन्य हत्याएं हो चुकी हैं।

पुलिस की नाक के नीचे हुई इन वारदातों में कई आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर हैं। इससे साफ है कि अपराधियों के मन से कानून का खौफ खत्म हो चुका है।

ज्ञापन में मांग की गई कि संवे. दनशील इलाकों में विशेष अभियान चलाया जाए, संगठित अपराध और हिस्ट्रीशीटरों पर सख्त कार्रवाई हो, हर गंभीर घटना की समयबद्ध जांच हो और लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने ज्ञापन का वाचन किया।

घेराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधायक, पूर्व मंत्री, पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस ने साफ कहा है कि यदि कानून व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा

### हरियाणा के भटके श्रद्धालुओं का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**ऋषिकेश।** नीलकंठ महादेव के दर्शन कर लौट रहे हरियाणा के पांच युवक रास्ता भटक कर राजा जी नेशनल पार्क के खतरनाक कोर एरिया में जा पहुंचे। शुक्रवार को लक्ष्मणझूला पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कई घंटों के कड़े सर्च ऑपरेशन के बाद इन सभी को सकुशल रेस्क्यू कर लिया। पुलिस के अनुसार, कंट्रोल नंबर 112 के माध्यम से सूचना मिली कि नीलकंठ दर्शन कर लौट रहे कुछ श्रद्धालु रास्ता भटक गए हैं. घने जंगल के बीच फंस गए हैं. सूचना मिलते ही पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, तो पता चला कि युवक विंध्यवासिनी मंदिर से करीब 6 किमी दूर राजाजी नेशनल पार्क के अति संवेदनशील श्महादेव पानीश इलाके में हैं। लक्ष्मणझूला पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई. जंगली जानवरों के डर के बीच टीम ने अथक प्रयासों के बाद पांचों युवकों को खोज निकाला. उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले आए।

## एक नजर .......

### राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को दी महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि महाशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण और पावन पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सत्य, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की कि वे प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें तथा राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे।

### मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को महा. शिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाशिव रात्रि का पावन पर्व शिव एवं शक्ति की आराधना का पर्व है। यह पर्व हमें प्रेम, एकता और आध्यात्मिक जागरण की प्रेरणा देता है। भगवान शिव की असीम कृपा सभी प्रदेशवासियों पर हमेशा बनी रहे और प्रदेश उन्नति एवं खुशहाली के पथ पर हमेशा आगे बढ़ता रहे, इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

### जुगरान ने सीएम से किया विधि विश्वविद्यालय का काम जल्द शुरू करने का अनुरोध

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय को शीघ्र खोले जाने के लिए भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट वार्ता कर उन्हें पत्र सौंपा। जुगरान ने पत्र में मुख्यमंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय खोले जाने के लिए वर्ष 2011 में अधिनियम पारित हो चुका है और संशोधन भी वर्ष 2018 में हो चुका है। इसके लिये दो बार भूमि पूजन भी हो चुका है ,पर धरातल पर विश्वविद्यालय का कोई काम प्रारंभ नही हुआ है। जुगरान ने कहा कि देश के सभी राज्यों में विधि विश्वविद्यालय हैं। उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा कि विधि विश्व विद्यालय की महत्ता से सभी अवगत हैं, इसलिए शीघ्र अतिशीघ्र विश्वविद्यालय का काम धरातल पर शुरू हो। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक आश्वासन दिया।

### ग्राम्य विकास मंत्री ने किया द्रोण महोत्सव 2026 का शुभारंभ

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित एक निजी होटल में भारतीय ग्रामोत्थन संस्था द्वारा आयोजित 10 दिवसीय 'द्रोण महोत्सव 2026' में प्रतिभाग किया। इस दौरान मंत्री जोशी ने विभिन्न स्टोलों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि विगत 37 वर्षों से संस्था हस्तकला, हस्तशिल्प एवं नेचुरल फाइबर के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। विशेष रूप से मातृशक्ति को स्थानीय संसाधनों से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत की भावना को साकार करता है। इस अवसर राज्यमंत्री गिरीश डोभाल, निरंजन डोभाल सुरेंद्र राणा, आशीष थापा, अनिल चंदोला सहित कई लोग उपस्थित रहे।




# कांग्रेस का महिला सुरक्षा व सम्मान सम्मेलन आयोजित

■ उत्तराखंड में भाजपा शासनकाल में महिलाओं की जान सुरक्षित न सम्मान: धस्माना

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी के राज में ना तो महिलाओं की जान सुरक्षित है और ना ही उनका सम्मान यह बात शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रेमनगर में आयोजित महिला सुरक्षा एवं सम्मान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा का नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एक फर्जी जुमला साबित हुआ क्योंकि पिछले नौ वर्षों के भाजपा शासन काल में महिलाओं के खिलाफ जिस प्रकार से हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई उससे आज पूरे देश के हिमालयी राज्यों में महिला अपराधों के मामले में उत्तराखंड पहले पायदान पर खड़ा है और सबसे अफसोसनाक बात यह है कि महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाओं में बड़ी संख्या में अपराधी सत्ताधारी दल के या तो पदाधिकारी व दायित्वधारी हैं या भाजपा का संरक्षण प्राप्त हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर सिंह गोगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव सुशीला शर्मा, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित खन्ना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष नागपाल, बीना शर्मा, संगीता शासन, बसंती, खुशी, ममता, रीना, संजना, किरण व बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

# मेडिकल कॉलेजों में अब स्वास्थ्य सेवाओं का 'मानवीय चेहरा' बनेंगे सोशल वेलफेयर ऑफिसर

■ सरकार ने सौंपी बड़ी प्रबंधकीय और नीतिगत जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने राज्य के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक संवे. दनशील और पेशेवर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। शासन ने श्मेडिकल सोशल वेलफेयर ऑफिसरश संवर्ग के लोक कल्याणकारी स्वरूप को विस्तार देते हुए उनके नए कार्य एवं उत्तरदायित्व निर्धारित कर दिए हैं। अब यह संवर्ग न केवल मरीजों की मदद करेगा, बल्कि चिकित्सा संस्थानों में प्रशासकीय और नीति-निर्धारक टीम के सक्रिय सदस्य के रूप में भी भूमिका निभाएगा।

प्रबंधन और नीति-निर्धारण में होगी अहम भूमिका सचिव स्वास्थ्य सचिन कुर्वे द्वारा जारी आदेश के अनुसार, संवर्ग को अब उच्च-स्तरीय प्रबंधकीय जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। ये अधिकारी चिकित्सा संस्थानों में केवल सहायक नहीं, बल्कि प्रशासकीय टीम के सक्रिय सदस्य होंगे, जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए डेटा विश्लेषण और नीतिगत फीडबैक प्रदान करेंगे। शासन द्वारा जारी जॉब चार्ट के अनुसार ये अधिकारी मेडिकल कॉलेजों में विभिन्न योजनाओं के संचालन और कार्यों के सुपरविजन (पर्यवेक्षण) के लिए उत्तरदायी होंगे। संस्थानों के सुचारू प्रबंधन में उनकी भूमिका एक श्एडमिनिस्ट्रेटिव पिलरश की होगी। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में नई पहचान: यह संवर्ग मेडिकल, पैरामेडिकल और नर्सिंग छात्रों के लिए मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाएगा। वे भविष्य के डॉक्टरों को श्फैमिली एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत सामाजिक और सामुदायिक चिकित्सा के व्यावहारिक गुर सिखाएंगे। अस्पताल प्रशासन के साथ मिलकर स्वास्थ्य नीतियों के डिजाइन, मूल्यांकन और कार्यान्वयन में ये अधिकारी डेटा-आधारित इनपुट देंगे, जिससे सरकारी योजनाओं को अधिक जन-केंद्रित बनाया जा सके। साथ ही आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचाने के साथ-साथ गंभीर रोगों (कैंसर, टीबी, एचआईवी) से जूझ रहे मरीजों के लिए परामर्श और पुनर्वास का नेतृत्व करेंगे। 'अस्पताल और समाज के बीच सेतु:' मरीजों के डिस्चार्ज के बाद फॉलो-अप और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से अस्पताल की सेवाओं को गांव की दहलीज तक ले जाने की कमान इनके हाथों में होगी। दवा के साथ मार्गदर्शन भी इस नई व्यवस्था से मेडिकल कॉलेजों की कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित और मरीज-केंद्रित होगी। शासन का मानना है कि इस संवर्ग की सक्रियता से अस्पतालों में आने वाले गरीब और असहाय मरीजों को जटिल प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी और उन्हें एक ही छत के नीचे इलाज, आर्थिक सहायता और सही दिशा-निर्देश प्राप्त होंगे।

# आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी: जोशी

■ कैबिनेट मंत्री ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कंडोली धोरण खास वार्ड स्थित शिव मंदिर परिसर में एक निजी संस्था द्वारा आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया और उपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों से शिविर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने आयोजकों को आयोजन के लिए बधाई भी दी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर परीक्षण सहित विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गईं। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अल्पना राणा, आयोजक दीपिका कपूर, महामंत्री सुरेंद्र राणा, आशीष थापा, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# संगठित समाज ही राष्ट्र को बना सकता है सशक्त एवं समृद्ध : डॉ. रामेश्वर दास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी के चौधरी फार्म हाउस में शनिवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों, युवाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ रामेश्वर दास ने अपने आशीर्वचन में हिंदू समाज की एकता, संगठन एवं संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त एवं समृद्ध बना सकता है। मुख्य वक्ता धनंजय , विभाग प्रचारक ने हिंदू समाज को जागरूक, संगठित एवं सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने वर्तमान समय में सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण एवं राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।




■ संयोजक जोगेंद्र पडीर ने चौधरी फार्म हाउस में आयोजित किया विराट हिंदू सम्मेलन

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भारती पांडे ने महिला शक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए समाज निर्माण में मातृशक्ति के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के संयोजक जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मेलन हिंदू समाज को एकजुट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। विराट हिंदू सम्मेलन के इस सफल आयोजन ने सामा. जिक एकता, सांस्कृतिक जागरण एवं राष्ट्रहित के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ किया। सम्मेलन में विभिन्न विधाओं के धनी शिल्पकारों को एवं पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया

### दून में होगा फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 61वां एडिशन

**देहरादून ।** फिटनेस और युवा एनर्जी का एक वाइब्रेंट हब बनने के लिए तैयार है, क्योंकि फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का 61वां एडिशन उत्तराखंड की राजधानी में शुरू हो रहा है। यह देश भर में होने वाले इस मूवमेंट के एक खास कैंपस-फोकस्ड एडिशन के लिए टॉप एथलीट, कॉलेज स्टूडेंट्स और फिटनेस के शौकीनों को एक साथ लाएगा। आने वाला एडिशन कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज के बीच फिट इंडिया मूवमेंट की बढ़ती पहुंच को दिखाता है, जो युवा भारतीयों को साइकिलिंग और एक्टिव लाइफस्टाइल को जीवनशैली के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। देहरादून एडिशन में स्टार पावर और प्रेरणा जोड़ने के लिए जाने-माने खिलाड़ियों की एक खास लाइन-अप होगी। इस ग्रुप को लीड कर रही हैं नूपुर श्योराण, जो महिला हैवीवेट बॉक्सिंग में भारत के जाने-माने नामों में से एक हैं। कई बार वर्ल्ड बॉक्सिंग कप गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड चौंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट, श्योराण की मौजूदगी से युवा पार्टिसिपेंट्स को उनके अनुशासन, हिम्मत और इंटरनेशनल सफलता के सफर से मोटिवेट होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत समेत पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी मौजूद रहेंगे।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज, महोदय, पौड़ी गढ़वाल**

माइनॉरिटी एंड गर्जियांशिप वाद संख्या- 10 सन्न 2026 (प्रकीर्ण दीवानी वाढ 10/2026)

**प्रार्थी...**1. सोनिया देवी, उम्र 29 वर्ष, पत्नी स्व० श्री दीपक रावत प्राकृतिक संरक्षिका।

2. अंश रावत, उम्र 7 वर्ष, पुत्र स्व० श्री दीपक रावत, समस्त निवासीगण ग्राम व पो०ओ० अदवाड़ा पल्ला, तहसील धुमाकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल ।

**बनाम**

**विपक्षीगण....** 1. ब्रजमोहन सिंह रावत, उम्र 44 वर्ष, पुत्र स्व० श्री राजेंद्र सिंह, निवासी- ग्राम व पो०ओ० अदवाड़ा पल्ला, तहसील धुमाकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल।

2. हर आम व खास, 3. उत्तराखंड सरकार

**समन वास्ते प्रकाशनार्थ**

समन बनाम – विपक्षी संक्या 2, हर आम व खास ।

चूँकि प्रार्थिनी सोनिया देवी, उम्र 29 वर्ष, पत्नी स्व० श्री दीपक रावत, प्राकृतिक संरक्षिका, निवासी ग्राम व पो०ओ० अदवाड़ा पल्ला, तहसील धुमाकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र अपने नाबालिक पुत्र मा० अंश रावत उम्र 7 वर्ष, पुत्र स्व० श्री दीपक रावत, निवासी ग्राम व पो०ओ० अदवाड़ा पल्ला, तहसील धुमाकोट, जिला पौड़ी गढ़वाल में परगना तल्लास्याण के खाता संख्या 00012 व खसरा संख्या 1813, 1814 जिसका पूर्ण क्षेत्रफल 0.124 हे० भूमि है, जिसमे से प्रार्थिनी के नाबालिक पुत्र के नाम दर्ज हिस्से को प्रार्थिनी द्वारा विक्रय करने हेतु धारा 8 हिन्दू माइनॉरिटी एंड गर्जियांशिप एक्ट के अन्तर्गत नाबालिक पुत्र का गार्जियन नियुक्त होने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसमे दिनांक 12/03/2026 को जवाबदावा / आपत्ति हेतु नियत है।

अत: समस्त हर आम व खास को इस समन / नोटिस के जरिये सूचित किया जाता है कि, किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो उक्त तिथि दिनांक 12/03/2026 को अपना जवाबदावा / आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मामले में एकपक्षीय कार्यवाही लायी जायेगी । सूचना जाने ।

आज दिनांक : 12/02/2026 को न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

यायालय जनपद

आदेशानुसार

अपील क्लर्क,जिला जज पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल

**शुद्धीकरण**

दिनांक 11.2.2026 का शाह टाइम्स दैनिक समाचार पत्र में पृष्ठ संख्या 8 पर मेरी सम्पत्ति का शुद्धि पत्र एवं भूमि रजिस्ट्री की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गई है कि सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें मेरे पिता का नाम चैतू के स्थान पर गलती से चौतू प्रकाशित हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही एवं वास्तविकक नाम चैतू पढ़ा, पहचाना एवं जाना जाए।

**बलवीर सिंह पुत्र चैतू निवासी म्यूडा चकराता, देहरादून ( संपत्ति का पता लाखामंडल चकराता, देहरादून )**

976006484

# कुंभ 2027 से पहले अतिथि गृहों की बदलेगी सूरत

## देहरादून से हरिद्वार तक सचिव आवास डॉ. राजेश ने किया का औचक निरीक्षण

■ आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों से होंगे सुसज्जित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आने वाले विशिष्ट अतिथियों और अधिकारियों को उच्च स्तरीय आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवास एवं राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने शनिवार को देहराद. ून से लेकर हरिद्वार तक विभिन्न राजकीय गेस्ट हाउसों का व्यापक निरीक्षण किया। सचिव ने गेस्ट हाउसों की संरचना, अनुरक्षण, स्वच्छता, सुरक्षा, फर्नीचर, विद्युत एवं अग्निशमन व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य की छवि इन अतिथि गृहों से भी जुड़ी होती है, इसलिए यहां ठहरने वाले अतिथियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलना अनिवार्य है। रिनोवेशन कार्यों की गुणवत्ता, किचन की साफ-सफाई, फायर सेफ्टी सिस्टम की मजबूती और समग्र सौंदर्यीकरण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। साथ ही आगामी कुंभ मेला 2027 को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध और मानक अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सचिव ने कहा कि अतिथि गृह केवल भवन नहीं, बल्कि राज्य की आतिथ्य परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हैं।



**बीजापुर गेस्ट हाउस में तीन चरणों में होगा उन्नयन:** देहरादून गढ़ी कैंट स्थित राज्य अतिथि गृह बीजापुर का संयुक्त निरीक्षण आवास एवं राज्य संपत्ति सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। निरीक्षण में राज्य संपत्ति अधिकारी, मुख्य व्यवस्थाधिकारी तथा आवास एवं सिविल/विद्युत अनुरक्षण इकाई के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सचिव ने भवन की सिविल एवं विद्युत व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। प्रथम चरण में संपूर्ण रिपेयरिंग, वीवीआईपी कक्षों के उन्नयन, पुराने एवं क्षतिग्रस्त फर्नीचर के प्रतिस्थापन तथा फायर सेफ्टी सिस्टम को अत्याधुनिक बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। द्वितीय चरण में सभी कक्षों एवं बालकनियों में प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने और भवन के समग्र सौंदर्यीकरण पर जोर दिया गया। तीसरे चरण में ड्रॉइंग रूम, गार्ड कक्ष तथा खुले प्रांगण की मरम्मत के साथ समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए।

**ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल में 2.95 करोड़ से अधिक के कार्यों को मिली रफ्तार:** बीजापुर गेस्ट हाउस के निरीक्षण के बाद सचिव रेसकोर्स स्थित ऑफिसर्स ट्रांजिट हॉस्टल पहुंचे, जहां संयुक्त निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर सचिव/राज्य संपत्ति अधिकारी, वरिष्ठ व्यवस्था अधिकारी, परियोजना प्रबंधक, अधिशासी अभियंता उत्तराखंड पेयजल निगम तथा विद्युत यांत्रिक खंड लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा में बताया गया कि हॉस्टल में 2 करोड़ 33 लाख 78 हजार रुपये की लागत से भवन की रंगाई-पुताई, शौचालयों के नवीनीकरण, क्षतिग्रस्त टाइल्स के प्रतिस्थापन एवं जलापूर्ति मरम्मत जैसे अनुरक्षण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त 2 करोड़ 95 लाख 12 हजार रुपये की लागत से फर्नीचर, फर्निशिंग, विद्युत एवं सिविल कार्यों को गति दी गई है।

### कुंभ 2027 की तैयारी में हरिद्वार अतिथि गृह का निरीक्षण

हरिद्वार स्थित अटल बिहारी वाजपेई राजकीय अतिथि गृह, मायापुर का निरीक्षण करते हुए सचिव आवास डॉ. आर. राजेश कुमार ने आगामी कुंभ मेला 2027 की तैयारियों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव राज्य संपत्ति लक्ष्मण सिंह, अधिशासी अभियंता दीपक कुमार, अधिशासी अभियंता पंकज नयाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवनीत सिंह ने संभाली एसएसपी हरिद्वार की कमान

## एसटीएफ एसएसपी के तौर पर नशा व वन्यजीव तस्करी के खिलाफ की थी बड़ी कार्यवाही

**कुख्यात बाल्मीकि गैर पर भी कस चुके है नकेल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शनिवार को जनपद के नवनियुक्त एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर





ने धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने विश्व प्रसिद्ध हरकी पैड़ी पर माँ गंगा की पूजा-अर्चना की और जनपद की सुख-शांति व सुरक्षित कानून व्यवस्था के लिए आशीर्वाद लिया इसके पश्चात मां गंगा की आरती में भी प्रतिभाग किया।

गौरतलब है कि नवनियुक्त कप्तान नवनीत सिंह भुल्लर अपनी सख्त कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले एसएसपी एसटीएफ के पद पर तैनात रहते हुए उन्होंने नशा माफियाओं व वन्यजीव तस्करी करने वालों की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इतना ही नहीं उनके नेतृत्व में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़ भी किया गया था, वहीं, बाल्मीकि गैंग पर भी नकेल कसी थी। जिससे अपराधियों के बीच उनकी एक कड़क अधिकारी की छवि बनी हुई है।

कार्यभार संभालने के बाद नए कप्तान नवनीत सिंह भुल्लर तुरंत एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने शारदीय कावड़ मेला के मद्देनजर देर शाम पुलिस अधिकारियों के साथ हरकी पैड़ी क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने मौके पर तैनात अधीनस्थ अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कानून व्यवस्था का लेकर एसएसपी ने बताया कि आगमी वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ मेला आयोजित होगा जिसके लिये पुलिस को तैयार करना है। इसके अतिरिक्त जो पुलिस वाले की प्राथमिका होती है वह मेरी भी है। कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और विशेष रूप से नशा कारोबार कर रहे उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही करते हुए अपराध का अकुंश लगाने का काम करेंगे।

# अधिकारियों और कर्मचारियों ने एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल को दी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का देहरादून जनपद में स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। कैम्प कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके नेतृत्व, अनुशासनप्रिय कार्यशैली तथा जनहित में लिए गए प्रभावी निर्णयों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हरिद्वार में कार्यकाल के दौरान एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के कुशल नेतृत्व में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रही तथा विभिन्न अभियानों के माध्यम से अपराध नियंत्रण एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने सहयोग के लिए सभी अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया।



### नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

# नाले में गंदगी मिलने पर लॉज का 5000 का चालान, शौचालय किया सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम की टीम ने शनिवार को नाई सोता बरसाती नाले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नाले में सीवर का गंदा पानी बहता पाया गया, जिस पर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जांच में सीवर लाइन क्षतिग्रस्त मिली, जिसके लिए जल संस्थान को तुरंत मरम्मत का नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में स्थित एक स्थानीय लॉज में भारी गंदगी और अनियमितता पाई गई। सफाई मानकों का उल्लंघन करने पर लॉज प्रबंधन के खिलाफ 5,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। मौके पर गंदगी इतनी अधिक थी कि निगम की टीम ने लॉज के शौचालय को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया और उसकी चाबी अपने कब्जे में ले ली। स्वच्छता अभियान के तहत टीम ने नाई सोता नाले में कूड़ा फेंकने वाले होटलों और नियमों का उल्लंघन करने वाली 6 दुकानों के भी चालान काटे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कांवड़ मेले के मद्देनजर सफाई और अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस पूरी कार्रवाई के दौरान उपनगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, सुपरवाइजर अशोक और कपिल सहित निगम की पूरी टीम मौजूद रही। प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों के पास गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# तन्मय सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय चार्टर्ड एकाउंटेंटस की उपाधि प्राप्त कर बढ़ाया हरिद्वार का मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर निवासी तन्मय सिन्हा ने यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय लेखा संस्था एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट्स (एसीसीए) की सदस्यता प्राप्त कर हरिद्वार का नाम रोशन किया है। यह उपाधि भारत में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के समकक्ष मानी जाती है और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है। शिवालिक नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विभास सिन्हा के पुत्र तन्मय को यह सम्मान मुंबई में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। तन्मय सिन्हा ने बताया कि एसीसीए की सदस्यता प्राप्त करने के लिए कठोर परीक्षाओं एवं निधारित व्यावसायिक अनुभव की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। तन्मय की इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



# जन संघर्ष मोर्चा ने की नाबालिगा के शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जन संघर्ष मोर्चा ने शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न का शिकार हुई नाबालिगा को न्याय देने की मांग की है। पीड़ित नाबालिगा के परिजनों के साथ प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जन संघर्ष मोर्चा के गुलशन खत्री एवं व्यापारी पुनीत गोयल ने बताया कि नाबालिगा के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म किया जा रहा था। 6 फरवरी को पीड़िता के परिजनों ने ज्वालापुर कोतवाली पुलिस तहरीर देकर मुकद्मा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के साथ उसके बयान भी दर्ज किए थे। इसके बावजूद आरोपी युवका को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़िता के परिवार को भी डराया धमकाया जा रहा है। गुलशन खत्री ने कहा कि गरीब परिवार की बेटी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही कर पीड़िता को न्याय दिलाए। यदि पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन किया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान पीड़ित नाबालिगा के परिजनों ने बालिका के बयान बदलवाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों द्वारा फैसले का दबाव भी बनाया जा रहा है। परिजनों ने पुलिस के आला अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेने की गुहार लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग भी की।




### मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर

# विद्युत विभाग ने चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर विद्युत विभाग ने ज्वालापुर क्षेत्र में शनिवार सुबह तड़के व्यापक चेकिंग अभियान चलाते हुए बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी प्रथम शिल्पी सैनी की अगुवाई वाली टीम ने विभिन्न इलाकों में निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने बताया कि मुख्य अभियंता शेखर चंद त्रिपाठी के निर्देश पर बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह एसडीओ प्रथम शिल्पी सैनी की अगुवाई में टीम ने ज्वालापुर के बाल्मीकि बस्ती, पीठ बाजार, चौहानान, सुभाष नगर तथा पांवधोई क्षेत्र में सघन चेकिंग की। जांच के दौरान उन कनेक्शनों की विशेष रूप से पड़ताल की गई जिन्हें पूर्व में बकाया बिल के कारण काटा गया था। निरीक्षण में 14 लोग विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। अधिशासी अभियंता ज्वालापुर रवि कुमार ने बताया सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वें वैध कनेक्शन के माध्यम से ही विद्युत का उपयोग करें तथा बकाया बिल समय पर जमा करें। अभियान के दौरान अवर अभियंता अक्षय कुमार सिंह, अवर अभियंता दीप्ति चौहान सहित लाइनमैन मोबिन, विक्रम, राहुल, नरेश, मनीष एवं शिव कुमार आदि मौजूद रहे।



# पुलवामा के शहीदों की स्मृति में रक्तदान शिविर, 45 यूनिट रक्त संग्रह

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वर्ष 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों की स्मृति में शनिवार को गोपीचंद कालोनी एकता मंच धीरवाली, ज्वालापुर एवं ब्लड वालेंटियर हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन शिव गंगा मार्ट (सिटी पैलेस), धीरवाली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा हरिद्वार जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा तथा रानीपुर विधायक आदेश चौहान द्वारा वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि रक्तदान एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय कार्य है। एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन जरूरतमंद लोगों की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल आपातकालीन स्थिति में घायल लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे उन मरीजों के लिए भी जीवनदायी साबित होता है। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि गोपीचंद कालोनी एकता मंच द्वारा समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियां संचालित की जाती रही हैं। शहीदों की स्मृति में आयोजित यह रक्तदान शिविर भी उसी सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शहीदों की याद में किया गया रक्तदान सच्ची श्रद्धांजलि है। गोपीचंद एकता मंच के महामंत्री एवं भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोज शर्मा ने बताया कि मंच एक सामाजिक संस्था के रूप में निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। चाहे स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान हो, वृक्षारोपण कार्यक्रम या जरूरतमंदों की सहायता, संस्था हर क्षेत्र में आगे रहती है। जिला रक्तकोष के डॉ. अंकुर सैनी ने जानकारी दी कि शिविर में कुल 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसमें महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम में लव शर्मा, आशीष झा, वरुण वशिष्ठ, चंचल कौर सहित मोहित शर्मा, वरुण चौहान, वेदपाल चौहान, राजकमल सैनी, अमित सैनी, रविकांत, शिवशंकर पांडेय, पंकज बागड़ी, अश्विन चौहान तथा गोपीचंद कालोनी एकता मंच धीरवाली के अध्यक्ष विनय तिवारी, अश्वनी पाल, जितेंद्र शर्मा, मनोज धीमान, अरविंद कुशवाह, कोषाध्यक्ष गजेंद्र धीमान, सौरभ सक्सेना समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# ऋषिकुल आयुर्वेद कालेज के छात्र ने गंगनहर में कूद कर जान दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऋषिकुल आयुर्वेद कॉलेज के एक छात्र ने गंग नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली। छात्र के कमरे से सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने जीवन हारने की बात लिखी है। घटना का पता चलने के बाद कालेज के अन्य छात्र-छात्राओं ने कालेज और उत्तराखंड यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। छात्र-छात्राओं ने कालेज का मुख्य द्वार बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए। बीएएमएस 2022 बैच का छात्र यशपाल उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद का रहने वाला था। बृहस्पतिवार को एग्जाम देने के बाद से यशपाल लापता था। साथी छात्र उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार की देर शाम उसका शव पथरी पावर हाउस से बरामद हुआ। साथी छात्र की मौत से आक्रोशित छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी में समय से एग्जाम नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए डिग्री पूरी होने में 6 से 7 साल तक लग रहे हैं। समय पर परीक्षा नहीं होने से उत्तराखंड आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के सभी कॉलेजों के छात्र तनाव में है। कालेज प्रबंधन का कहना है कि मृतक छात्र का एग्जाम अच्छा नहीं हुआ था। जिसका तनाव वह नहीं झेल पाया। ऋषिकुल आयुर्वेद कालेज के हेड अनूप गक्खड़ ने बताया कि छात्र की दो विषय में सप्लीमेंटरी आयी थी। सप्लीमेंटरी एग्जाम अच्छा नहीं होने से छात्र तनाव में था। उन्होंने कहा कि एग्जाम की प्रक्रिया विवि द्वारा तय की जाती है। छात्र अनुराग मौर्य ने बताया कि यशपाल ने एग्जाम में देरी आदि को लेकर तनाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। विवि और कालेज प्रशासन को कमियों को दूर करना चाहिए। छात्रा साक्षी ने बताया कि 6 महीने में होने वाले एग्जाम एक वर्ष में कराए जा रहे हैं। रिजल्ट तीन महीने में आना चाहिए लेकिन एक से डेढ़ साल में घोषित किया जा रहा है। पांच साल की डिग्री के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। परिवार वालों को क्या जवाब दें। सभी छात्र तनाव में है।



# ऊर्जा निगम की छापेमारी, तीन गांव में बिजली चोरी पकड़ी, 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** थाना क्षेत्र के तीन गांव ऐथल व दुर्गागढ़ और धनपुरा में ऊर्जा निगम की टीम ने छापेमारी कर दस घरों पर बिजली चोरी पकड़ी है। पथरी क्षेत्र में इन में इन दिनों ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम की लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार अवर अभियंता दिवाकर मौर्य व अभियंता धीरज सैनी उप संस्थान पथरी और अवर अभियंता पवन सक्सेना उप संस्थान भट्टीपुर ने तहरीर देकर बताया कि लगातार तीनों गांव से बिजली चोरी की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के आधार पर तीनों गांव में छापेमारी की गई तो ग्रामीण नसीर पुत्र यासिन, समीर पुत्र नसीम, नफीस पुत्र यामीन निवासीगण धनपुरा, अजब सिंह पुत्र सतपाल, देवेंद्र पुत्र सतपाल, मुस्ददी पुत्र वीरम सिंह निवासीगण ग्राम दुर्गागढ़ देवेंद्र पुत्र स्वण सिंह, जसवीर सिंह पुत्र बघेल, जसपाल सिंह पुत्र मानसिंह, बुड सिंह पुत्र मानसिंह निवासीगण ऐथल थाना पथरी है। सभी के घरों पर मीटर से पहले कट लगाकर ओर कटिया डालकर बिजली चोरी करना पकड़ा गया है। तीनों अवर अभियंताओं ने सभी दस लोगो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। बुधवार को तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी के खिलाफ बिजली चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पथरी एसओ मनोज नौटियाल ने बताया कि ऊर्जा निगम के तीनों अवर अभियंताओं की तहरीर पर बिजली चोरी के मामले में दस लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वायरलेस की सूचना पर सतर्कता चोरी की बाइक व तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** पुलिस को वायरलेस सेट पर जैसे ही श्यामपुर क्षेत्र से एक स्प्लेंडर प्लस बाइक चोरी होने की सूचना मिली तो पुलिस चेकिंग अभियान में लगी टीम तुरंत अलर्ट हो गई। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा भी बरामद हुआ है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

बहादराबाद थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि एसएसपी के निर्देशों पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 फरवरी की रात को पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच कंट्रोल रूम से सूचना फ्लैश हुई कि श्यामपुर इलाके से एक बाइक चोरी हुई है। कुछ ही देर बाद बहादराबाद की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को जब रोका गया, तो चेसिस नंबर के मिलान पर पता चला कि वह चोरी की गई बाइक है। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू शाह (27 वर्ष), निवासी ग्राम इस्सेपूरा, थाना कीरतपुर (बिजनौर, यूपी) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 312 बोर का एक अवैध तमंचा भी बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह बाइक श्यामपुर से चोरी की थी और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में घूम रहा था।पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक नितिन बिष्ट, उप निरीक्षक अमित नौटियाल, कांस्टेबल प्रीतम तोमर, कांस्टेबल बलंवत, पीआरडी अमजद मलिक शामिल रहे।

# कांग्रेसियों ने बनायी राजभवन कूच को सफल बनाने की रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 16 फरवरी को होने वाले राज भवन कूच को सफल बनाने के लिए कनखल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जतिन हांडा के नेतृत्व में निर्मल संतपुरा आश्रम में कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत जगजीत सिंह शास्त्री की अध्यक्षता व शुभम अग्रवाल के संचालन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कूच को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गयी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री संजय पालीवाल एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि प्रदेश की राजधानी देहरादून अपराध की राजधानी के नाम से जाने जानी लगी है। पिछले 16 दिनों में पांच हत्याएं इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि सरकार कानून व्यवस्था के नाम पर शून्य हो गई है। सोई हुई गूंगी बहरी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए सबको एकजुटता के साथ राजभवन कूच में हिस्सा लेना है। पूर्व राज्य मंत्री रकित वालिया और यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष रवीश भटीजा ने कहा कि डा.अनिल जोशी की तहरीर पर अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई जांच की संस्तुति कर सरकार ने अंकिता के माता पिता के साथ धोखा करने के साथ भाजपा नेताओं को बचाने का प्रयास कर रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और अशोक शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जनता को राजभवन घेराव के लिए देहरादून चलने के लिए जागरूक और प्रेरित करें। कनखल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जतिन हांडा व शुभम अग्रवाल ने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है। प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अवैध खनन, शराब माफिया का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी निडरता से देश की जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। उसी तरह हम सबको भी जनता की लड़ाई लड़नी होगी। हिमांशु बहुगुणा और संजय आनंद ने कहा कि सरकार के संरक्षण में सरकारी विभागों में दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार फल फूल रहा है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति खोखली बातें बनकर रह गई है। रोहित चौधरी और मनोज सैनी ने कहा कि राज्य की जनता बीजेपी सरकार से त्रस्त है और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए सांप्रदायिकता का सहारा लेकर देवभूमि को कलंकित कर रही है। इस दौरान सतीश दुबे, अनिल ठाकुर, कामेश्वर यादव, डा. दिनेश पुंडीर, सत्येंद्र वशिष्ठ, अंकुर सैनी, विनोद कुमार, विमल कुमार, विकास चंद्र, वसीम सलमानी, विक्रम शाह, कपिल गुप्ता, प्रेम कश्यप, नकुल महेश्वरी, नितिन कश्यप, समर्थ अग्रवाल, आशु श्रीवास्तव, अजयदास महाराज, गोविंद सिंह बिष्ट, ऋषभ अरोरा, आशीष भारद्वाज, उज्जवल वालिया, अमित गुप्ता, रचित अग्रवाल आदि शामिल रहे।



# पुलवामा हमले के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर श्री अखंड परशुराम अखाड़े के कार्यकर्ताओं ने मालवीय घाट पर मां गंगा को पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए देश की सुरक्षा में तैनात सैनिकों के साहस व बलिदान को नमन किया। श्री अखंड परशुराम अखाड़े के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास का काला दिन है। आज ही के दिन देश ने आतंकी हमले में अपने बहादुर जवानों को खो दिया था। उन्होंने केंद्र सरकार से 14 फरवरी को आधिकारिक रूप से शहीदी दिवस घोषित करने और इस दिन अवकाश घोषित करने की मांग भी की। कथावाचक पवन कृष्ण शास्त्री ने कहा कि पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर मां गंगा का पूजन कर शहीदों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना की गई है। साथ ही मां गंगा से देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों को इतना बल देने की प्रार्थना की कि वे हर दुश्मन का सामना कर सकें। उन्होंने युवाओं से सैनिकों का उत्साहवर्धन करने तथा धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आचार्य इतीस भदूला, सचिन चौधरी, कुलदीप कृष्ण चौहान, आचार्य चंद्रमोहन देवरानी, बृजमोहन शर्मा, भूपेंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

**आवश्यक सूचना**

गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा अनुदानित प्रबन्धकीय व्यवस्था पर संस्कृत व्याकरण/साहित्य शिक्षण एवं आधुनिक विषय हेतु प्रथमा से आचार्य पर्यन्त तक प्रशिक्षत एवं यू0जी0सी0 के मानकानुसार सहायक अध्यापक की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षिक पत्रावली दिनांक 20 फरवरी 2026 तक विद्यालय में जमा कराये।

**सम्पर्क सूत्र : 7579469838, 7217035970**

**प्रबन्धक**

**गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर**

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# पीएम श्री अटल उत्कृष्ट जीआईसी गजा में वार्षिकोत्सव की धूम, पुरानी यादें हुई ताजा

**समारोह में गूंजी गढ़वाली और पंजाबी गीतों की धुन, मेधावियों को किया गया पुरस्कृत नगर पंचायत अध्यक्ष ने की विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की सराहना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड चंबा के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज गजा में शनिवार को एक भव्य और रंगारंग समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय का वार्षिकोत्सव और पुरातन छात्र सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें शिक्षा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण छात्र-छात्राओं की किलकारियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा। समारोह में जहां एक ओर वर्तमान छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं दूसरी ओर विद्यालय से निकलकर विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन कर रहे पुराने छात्रों ने अपनी यादें साझा कीं।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर पंचायत गजा के अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान, अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र खाती, जिला पंचायत सदस्य ताजबीर खाती, गजेंद्र सिंह खाती और विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अमर देव उनियाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया। सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, पंजाबी और अन्य लो. कगीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से प्रसिद्ध गढ़वाली गीत राजुली पर दी गई प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी और पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए पुरातन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य अमर देव उनियाल ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की और बीते सत्र में विद्यालय द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों का ब्यौरा रखा। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र की एक धरोहर है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके अनेक छात्र आज देश के विभिन्न प्रतिष्ठित सरकारी और निजी संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है।

अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र खाती ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के शिक्षक और शिक्षिकाएं पूरी लगन और मेहनत से बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान रंजना चौहान, प्रियंका चौहान, शिक्षक शैलेंद्र नेगी, सुनीता रावत, सुभाष चंद्र, राकेश लसियाल, महेश असवाल, अनुराधा बिजल्वाण, सपना चौहान, प्रवीण कुमार, महावीर सिंह नेगी, सोमवारी लाल भारती और रोशन लाल सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# समाज को आगे बढ़ाने के लिए जाति भेद दूर करना जरूरी: जगदगुरू शंकराचार्य



**आरएसएस ने संघ शताब्दी वर्ष का किया भव्य आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विकासनगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि साध्वी रेणुका निरंजनी सन्यास आश्रम, गंगोत्री, मुख्य अतिथि अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अनन्तानन्द सरस्वती (राजगुरू मठ पीठाधीश्वर-काशी) तथा मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वक्तव्य दिया।

इस अवसर पर वक्ताओ द्वारा कहा गया समाज को आगे बढ़ाने के लिए जाति भेद दूर करना होगा। समाज ईश्वर का ही स्वरूप है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी उद्देश्य के लिए संघ कार्य कर रहा है। राष्ट्र को जगाना ही संघ का काम है ताकि प्रत्येक व्यक्ति भारत को परम वैभव तक पहुँचाने का कार्य करे। इस अवसर पर विभिन्न लोक कलाक. ारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर आयोजक समिति द्वारा समाज मे विभिन्न स्वरोजगार मोची, नाई, महिला रिक्शा चालक, अपशिष्ट रिसईक्ल, गुरुकुल संच. ालन आदि करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासनगर के विविध संगठनो जैसे गढ़वाल समाज, अग्रवाल समाज, गोर्खाली समाज, वाल्मिकी समाज, सिख समाज, हिमाचल समाज तथा विकासनगर में कार्य करने वाले सभी संगठनो के सदस्य, मातृशक्ति तथा हजारों की संख्या में जनमानस उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग का कार्यालय लाखामंडल में शिफ्ट करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** भाजपा की पूर्व मंडल अध्यक्ष क्वासी बचना शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा कृर्षि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को एक पत्र भेंट कर। बताया की लाखामंडल से से करीब पांच किलोमीटर दूर राठू खेड़ा में उद्यान विभाग का कार्यालय है। लाखामंडल से काफी दूर राठू नामक स्थान पर होने के कारण ग्रामीण किसानों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है। बताया कि लाखामंडल आसपास के गांव का केंद्र है यहां पर आसानी से किसान पंहुच जाते हैं और किसानों की मांग है कि राठू खेड़ा से उद्यान विभाग का कार्यालय लाखामंडल में शिफ्ट हो। जिससे विभाग की योजनाओं का लाभ क्षेत्र के किसानों को मिल सकें। मंत्री गणेश जोशी ने निदेशक उद्यान को आवश्यक कार्यवाही को पत्र निर्देशित किया है। इस दौरान, ओम प्रकाश, घनश्याम, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# शीतकालीन महोत्सव के अंतिम दिन कलाकारों ने बांधा समा, दर्शक झूमे

**महेंद्र ने 'ओ बेबिये' गीत से कार्यक्रम में भरा जोश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** शीतकालीन महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन का आगाज उत्साह, उमंग और लोक संस्कृति की रंगत के साथ हुआ। सुबह से ही पंडाल में दर्शकों की भीड़ उमड़ने लगी थी और पूरे दिन लोकगीतों व संगीत की मधुर धुनों पर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत गुलाब सिंह राजकीय इंटर कॉलेज की बालिकाओं की आकर्षक प्रस्तुति से हुई। छात्राओं ने अपनी सजीव प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसके बाद रतिया नंद पंवार ने "ओ घयाणी सुनये" गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। उनके गीत पर दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। मनोज सागर ने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, जबकि गुड्डू राणा की प्रस्तुति ने भी खूब वाहवाही बटोरी। महेंद्र चौहान ने "ओ बेबिये" गीत से कार्यक्रम में जोश भर दिया और पंडाल में मौजूद लोग मस्ती में झूम उठे। सन्नी दयाल ने अपनी दमदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। नरेश बादशाह ने "ओ साथी रे" जैसे गीतों से अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। साक्षी प्रेमी की भावपूर्ण प्रस्तुति ने कार्यक्रम को नया रंग दिया।

दिनेश चौहान ने भी अपनी प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। वहीं आंचल की प्रस्तुति का सभी को बेसब्री से इंतजार था। दर्शकों को खास आकर्षण अतर शाह की प्रस्तुति का इंतजार था। अतर शाह ने अपनी प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि पूरा पंडाल झूम उठा और लोग नाचने पर मजबूर हो गए।तीसरे दिन के साथ ही विंटर कार्निवल का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिगम्बर चौहान, प्रशांत जोशी, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, नीलम चौहान, डॉ. नंदलाल भारती, अमित जोशी, कमल रावत, अमित अरोरा, देवेंद्र चौहान, रविन्द्र चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर .......

### विकासनगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता( विकासनगर )।** डाक पत्थर रोड विकासनगर स्थित रामकथा मैदान में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' में सम्मानित अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं राष्ट्रवादी नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में सहभागिता की। सम्मेलन में मुख्य अतिथि अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अनंतानंद सरस्वती, विशिष्ट अतिथि साध्वी रेणुका (गंगोत्री धाम) तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त प्रचारक आदरणीय डॉ. शैलेंद्र का प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह सम्मेलन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रहित के विचारों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ, जिसने क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा एवं संगठनात्मक संकल्प को नई दिशा प्रदान की। सम्मेलन में पूर्व विधायक विकासनगर कुलदीप कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय तोमर सहित समिति के सैंकड़ों सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### महर्षि अरविंद घोष कॉलेज ने पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता( विकासनगर )।** महर्षि अरविंद घोष इंटर कालेज डाकपत्थर में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की शहादत के लिए विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरूण डबराल ने कहा कि भारत माता के सभी वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए उनका साहस शौर्य और समर्पण देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा बनेगी। विद्याय के क्रीड़ा प्रभारी कुंवर सिंह राय ने कहा कि पुलवामा हमले की 7वीं बरसी परिवारों में शहीद हुए बहादुर सैनिकों के लिए आंख आज भी नम है। इस मौके पर भरत सिंह चौहान, कुशलानंद पुरोहित, विंतोष गैरोला, चेतन रामोला, शूरवीर सिंह तोमर, सरिता, एकता चौहान, रेनु शर्मा, कृष्णा जोशी, सुमिता लखरवाल, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### जोशी ने उत्तराखंड आगमन पर किया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का स्वागत



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) का उत्तराखण्ड आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# कस्तूरबा गांधी दिवस पर सम्मानित होंगे निस्वार्थ सेवक व सामाजिक सरोकारी

**डॉ. चतर सिंह रावत और परिपूर्णानंद पैन्यूली को मरणोपरांत मिलेगा जनभूषण सम्मान, मंच ने की घोषणा**

**शिक्षा स्वास्थ्य और शराबबंदी के खिलाफ अलख जगाने वालों को 22 फरवरी को लंबगांव में किया जाएगा सम्मानित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले विभूतियों को सम्मानित करने की अपनी परंपरा को निभाते हुए प्रताप नगर नागरिक सम्मान मंच ने इस वर्ष भी कस्तूरबा गांधी दिवस को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज लंबगांव में मंच के अध्यक्ष धूम सिंह रांगड की अध्यक्षता में पट्टी संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 फरवरी को कस्तूरबा गांधी दिवस के अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, शराबबंदी और विभिन्न सामाजिक सरोकारों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को मंच द्वारा प्रतिष्ठित जनभूषण और जनश्री सम्मान से नवाजा जाएगा।

बैठक के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज को नई दिशा देने वाले महापुरुषों और प्रतिभाओं का सम्मान करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। इस वर्ष के सम्मान समारोह में विशेष रूप से उन विभूतियों को याद किया जाएगा जो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके कार्य सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। निर्णय के अनुसार, डॉ चतर सिंह रावत और परिपूर्णानंद पैन्यूली को मरणोपरांत जनभूषण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, समाज सुधार और नशामुक्ति के क्षेत्र में अलख जगाने वाली मुसी देवी, रामप्यारी देवी और बालम सिंह को मरणोपरांत जनश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा। मंच का मानना है कि इन व्यक्तित्वों ने अपने जीवनकाल में जो संघर्ष और सेवा कार्य किए, वे आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक का काम करेंगे।

इसके अलावा, वर्तमान में अपने कार्यक्षेत्र में प्रताप नगर का नाम रोशन करने वाली युवा प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सेना में अपनी सेवाएं दे रहे लेफ्टिनेंट विवेक असवाल और सिलवालगांव की निवासी आईएएस अधिकारी अंजू भट्ट को जनश्री सम्मान देने की घोषणा की गई है। इन युवाओं की उपलब्धि न केवल क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। बैठक का संचालन करते हुए मंच के महामंत्री द्वारिका प्रसाद भट्ट ने कहा कि सम्मान समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और इसे भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट गए हैं।

बैठक में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष और मंच के संरक्षक मुरारी लाल खंडवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है और अच्छे कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलता है। इस दौरान पट्टी संयोजक राकेश थलवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव पंवार, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युद्धवीर राणा, कुंवर सिंह पंवार, सैन सिंह पंवार और केदार बिष्ट सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि प्रताप नगर नागरिक सम्मान मंच क्षेत्र की प्रतिभाओं और समाजसे. वियों को पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# श्रद्धा और परंपरा के साथ मुनि महाराज की प्रथम चरण की देवरा यात्रा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रुद्रप्रयाग।** मंदा. कनी घाटी के आराध्य भगवान अगस्त्य मुनि महाराज की पावन 'देवरा यात्रा' का प्रथम चरण पूर्ण धार्मिक श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हो गई है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर प्रारंभ हुई यह यात्रा ठीक एक माह के भ्रमण के बाद अपने मूल मंदिर पहुंची।

लगभग 15 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हुई यह देवरा यात्रा क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का केंद्र बनी रही। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने नंगे पांव चलकर और निराहार व्रत रखकर अपनी अटूट भक्ति का परिचय दिया। देवडोली ने एक माह के दौरान दर्जनों गांवों का भ्रमण कर भक्तों को उनके घर-द्वार पर आशीर्वाद प्रदान किया। मंदिर के गर्भगृह से बाहर आने के बाद यात्रा का पड़ाव नाकोट, धान्यूं, विजयनगर, बनियाड़ी, सौड़ी, चमेली और रुमसी जैसे गांवों से होकर गुजरा। बावई गांव में भगवान अगस्त्य मुनि ने पांच दिनों तक प्रवास कर भक्तों को दर्शन दिए। इसके पश्चात यात्रा मालकोटी (थोकदार गांव) और बेंजी (कुल पुरोहितों के गांव) होते हुए सिल्ली पहुंची, जहां रात्रि विश्राम के बाद डोली मुख्य मंदिर लौटी।मंदिर वापसी पर भगवान अगस्त्य मुनि महाराज की डोली ने अगस्त्यमुनि खेल मैदान स्थित अपने 'दयूके' (नृत्य स्थल) में पारंपरिक नृत्य किया। इस दिव्य दृश्य को देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिससे पूरा वातावरण 'जय हो मुनि महाराज' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मुनि महाराज मंदिर के पूजारी योगेश बेंजवाल ने बताया कि भगवान की यह यात्रा सनातन संस्कृति की जीवंत मिसाल है।

# जन-जन की सरकार कार्यक्रम में दिव्यांग के लिए फरिश्ता बना प्रशासन

**आधार और बैंक खाता न होने से रुकी थी पेंशन अब घर जाकर खुद अधिकारी करेंगे समाधान भिलंगना के धमातोली शिविर में डीएम के निर्देश पर दस वर्षीय बालिका को मिली सरकारी योजनाओं की सौगात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुहिम समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प अब धरातल पर चरितार्थ होता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रहे जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत टिहरी जिला प्रशासन ने एक ऐसी मानवीय पहल की है, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है। विकासखंड भिलंगना के सुदूरवर्ती क्षेत्र धमातोली में आयोजित शिविर के दौरान प्रशासन ने लालफीताशाही की बाधाओं को दूर करते हुए एक 10 वर्षीय दिव्यांग बालिका को उसका हक दिलाने के लिए तत्परता दिखाई है।

मामला तहसील घनसाली के बडियारगढ़ मलगांव का है, जहां की निवासी लगभग 10 वर्षीय बालिका निर्मला दिव्यांग होने के बावजूद सरकारी मदद से वंचित थी। निर्मला दिव्यांग पेंशन की पात्र तो थी, लेकिन उसके पास आधार कार्ड, बैंक खाता और जन्म प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थे। दस्तावेजों के अभाव में वह सरक. ारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थी। धमातोली में आयोजित शिविर के दौरान जब यह मामला जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न केवल समस्या सुनी, बल्कि उसका मौके पर ही समाधान निक. ालने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया। सबसे बड़ी बाधा बालिका का जन्म प्रमाण पत्र न होना था, जिसे विभाग ने पत्राचार और दूरभाष के माध्यम से व्यक्तिगत प्रयास कर बनवाया। इसके साथ ही बालिका का आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रशासन की संवे. दनशीलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बैंक खाता खुलवाने के लिए बालिका को बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ी, बल्कि अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) से समन्वय कर बैंक अधिकारियों को घर जाकर खाता खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पूर्व इसी शिविर में बालिका के पिता, जो स्वयं दिव्यांग हैं, के प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कर उन्हें प्रशासन द्वारा वॉकर प्रदान किया गया था, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी ने बताया कि शिविर के दौरान जब उन्हें पता चला कि प्रमाण पत्र होने के बाद भी तकनीकी कारणों से निर्मला की पेंशन नहीं लग पा रही है, तो विभाग ने इसे मिशन मोड में लिया।

उन्होंने बताया कि अब सभी दस्तावेज लगभग पूरे हो चुके हैं और जैसे ही कागजी कार्यवाही पूर्ण होगी, ऑनलाइन आवेदन कर बालिका को दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान पेंशन योजना से जोड़ दिया जाएगा।

इससे उसे नियमित आर्थिक सहायता मिल सकेगी और वह सम्मानजनक जीवन जी सकेगी। टिहरी प्रशासन की यह त्वरित कार्यवाही इस बात का प्रमाण है कि यदि प्रशासनिक अमला संवे. दनशील हो, तो नियमों की जटिलताएं किसी जरूरतमंद की मदद में आड़े नहीं आ सकतीं। यह पहल निश्चित रूप से जन-जन की सरकार कार्यक्रम की सफलता का एक जीवंत उदाहरण है।

# उत्तरकाशी: कांग्रेस ने उठाई विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह रावत के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मांग की है कि प्रस्तावित विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि इतनी निर्धारित की जाए कि कम से कम तीन सोमवारों को विधानसभा में प्रश्नक. ाल एवं विधायी कार्य संपन्न हो सकें।

कांग्रेस का आरोप है कि वर्तमान सरकार विधायकों द्वारा राज्य की जनता से जुड़े प्रश्नों का सामना करने से बच रही है। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की विधानसभाओं की तुलना में उत्तराखंड विधानसभा के सत्र बहुत कम अवधि के लिए बुलाए जाते हैं, जिससे जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे सदन में नहीं आ पाते।कांग्रेस ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, वन्य जीवों के हमलों से बढ़ती मानव हानि, हर घर नल योजना के बावजूद पेयजल संकट, तथा हालिया आपदाओं के पीड़ितों के पुनर्वास और मुआवजे में हो रही देरी जैसे मुद्दे उठाए। साथ ही सरकार पर सरकारी जमीनों की नीलामी के रास्ते खोलने का आरोप भी लगाया गया।कांग्रेस की प्रमुख मांगें हैं कि प्रस्तावित बजट सत्र में सोमवार के दिन प्रश्नकाल एवं अन्य विधायी कार्य सुनिश्चित किए जाएं, राज्य में अभी भी उत्तर प्रदेश काल के कई कानून एवं नियमावलियां लागू हैं, जिन्हें उत्तराखंड की परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित किया जाना आवश्यक है, और राज्य में भ्रष्टाचार, महिलाओं पर उत्पीड़न, बढ़ते अपराध, वन्य जीवों से मानव हानि, तथा सरकारी जमीनों की कथित बंदरबांट जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विधानसभा में विस्तृत चर्चा कराई जाए।कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार आगामी बजट सत्र की अवधि 21 दिन नहीं करती है, तो कांग्रेस बजट सत्र के दौरान जिला एवं तहसील स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर जनता की आवाज बुलंद करेगी।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नेता प्रदीप सिंह रावत, जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, कनकपाल सिंह परमार (पूर्व प्रमुख), मनीष राणा (पूर्व जिलाध्यक्ष), शीशपाल पोखरियाल पपेंद्र नेगी , सूर्यबल्लभ नौटियाल, सुधीश पंवार (प्रदेश महासचिव, युवा कांग्रेस) सुरेंद्र रमन कठैत,मनोज राही,श्रीमती एकादशी,श्रीमती राखी राणा आदि मौजूद रहे उपस्थित रहे।

# सीएम ने किया 295 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास

## उधमसिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला-2026 का किया शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रूद्रपुर।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गांधी पार्क में आयोजित भव्य उधमसिंह नगर कार्निवाल सरस आजीविका मेला-2026 का फीता काटकर किया शुभारम्भ। उन्होने 295.21 करोड़ के 61 कार्यो का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री धामी ने 123.91 करोड़ के 26 कार्य जिसमे चिकित्सा विभाग का 20.35 करोड़ के 01 कार्य, लोनिवि के 9.01 करोड़ के 05, नगर निगम रूद्रपुर के 38.60 करोड़ के 09, पशुपालन विभाग के 4.74 करोड़ का 01, संस्कृति विभाग का 95 लाख का 01, सिंचाई विभाग का 26.52 करोड़ के 02, खेल विभाग के 19.02 करोड़ के 04, शिक्षा विभाग के 3.18 करोड़ का 01, नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी का 96 लाख का 01, नगर पालिका परिषद बाजपुर का 58 लाख का 01 कार्य का लोकार्पण किया। इस तरह 171.30 करोड़ के 35 कार्यो का लोकार्पण किया। जिसमे लोनिवि के 93.92 करोड़ के 05 कार्यो का, नगर निगम रूद्रपुर के 59.53 करोड़ के 19 कार्यो का, पशुपालन विभाग के 3.47 करोड़ का 01 कार्य, शिक्षा विभाग के 7.41 करोड़ के 02 कार्यो, ग्रामीण निर्माण विभाग के 6.97 करोड़ के 08 कार्यो का शिलान्यास किया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 05 घोषणाएं की जिसमें मानसखंड कोरिडोर के अंतर्गत गोल्ज्यू मंदिर,शिव मंदिर व नीलकंठ धाम को जोड़ते हुए शिव प्रतिमा की स्थापना, नगर निगम रूद्रपुर के पर्यावरण मित्रों के लिए खेड़ा में आवास निर्माण किए जाने, भूरारानी व गंगापुर रोड का चौड़ीकरण, अटारिया चौक से इंद्रा कॉलोनी तक रोड का निर्माण, गुरु चांद ठाकुर स्मृति सहायता कोष 2 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ करने की घोषणा की।

इससे पूर्व माननीय मुख्यमंत्री धामी ने त्रिशूल चौक का लोकार्पण किया उससे पूर्व उन्होंने कांवरियों की पैर पखारे एवं उनको अंगवस्त्र व पुष्प माला भेंट कर उनका अभिवादन किया, इसके उपरांत त्रिशूल चौक से सरस मेला कार्यक्रम स्थल गांधी पार्क तक आयोजित शिव बारात में प्रतिभाग किया। शिव बारात में माननीय मुख्यमंत्री का विभिन्न संगठनों व जनता द्वारा फूलमाला,पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने सरस मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का निरिक्षण किया व स्टॉलों की निरिक्षण की दौरान उन्होंने दिए बनाये एवं सूत भी काता।

कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, महापौर विकास शर्मा ने मुख्य अतिथि एवं जनता का स्वागत व आभार व्यक्त किया एवम् सभी को बधाई दी। उन्होंने रूद्रपुर व जनपद में किए जा रहे विकास कार्यो की विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि नगर निगम व जनपद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से सरलीकरण, समाधान व निस्तारण के मूल मंत्र के साथ कार्य कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगे भी रखी।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने सरस मेले की प्रथम दिवस में स्टार नाईट में शिव जागरण का ज्योति जलाकर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य,विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली,दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू,फरजाना बेगम, उत्तम दत्ता,मंजीत सिंह,खतीब अहमद,मुकेश कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी,जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल,मनोज पाल, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम,पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा,राजेश शुक्ला, गुंजन सुखीजा,श्रीनेत्र पाल मौर्या, रामपाल सिंह,अनिल चौहान,राजेश कुमार, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, पी डी हिमांशु जोशी नगर आयुक्त शिप्रा जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, जनता मौजूद थे।

## ई-रिक्शा की टक्कर से कारोबारी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी रोड पर पशु चिकित्सालय के पास सड़क पार कर रहे एक कारोबारी को तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से कारोबारी उछलकर डिवाइडर से टकरा और लहूलुहान होकर जमीन में गिर गया। आनन फानन में लोगों द्वारा उन्हें उपचार के लिए बेस चिकित्सालय लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक करोबारी एलआईयू में तैनात महिला दरोगा का पति था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार चंद्रवती कॉलोनी मुखानी निवासी नरेश तिवारी (49) कारोबारी थे। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम को वह पशु चिकित्सालय के पास सड़क पारकर रहे थे। तभी मुखानी से जेल रोड की ओर जा रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जोरदार टक्कर से वह उछले और सीधा डिवाइडर से टकरा गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें बेस अस्पताल लाया गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि मृतक करोबारी नरेश की पत्नी मीना पांडेय हल्द्वानी एलआईयू में सब इंस्पेक्टर और बेटा सेना में अफसर है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अंतिम संस्कार में पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हुए।

## युवा शक्ति ही उत्तराखंड और राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संबोधन करते हुए सभी डिग्री प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की युवा शक्ति राज्य की सबसे बड़ी ताकत है और स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय ने शिक्षा, चिकित्सा और जनसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, टेलीमेडिसिन, पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में केंद्र सरकार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का उल्लेखनीय सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड के तीसरे दशक की अवधारणा के अनुरूप उत्तराखंड में विकास कार्य संपादित किया जा रहे हैं। उन्होंने रिवर्स पलायन, राज्य के जल-जंगल बचाने के लिए लिए गए ठोस निर्णयों, दूरस्थ क्षेत्रों तक सड़क-बिजली-इंटरनेट कनेक्टिविटी की पहुंच, पर्यटन विकास, एसडीजी रैंकिंग, मत्स्य विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हो रहे सकारात्मक बदलावों की से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें।

### हिमालयन संस्थान के स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्य सराहनीय : डॉ. रावत

राज्य के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तराखंड मानव संसाधन से लेकर और संरचनात्मक सभी स्तर पर बेहतर कार्य कर रहा है और केंद्र सरकार से उत्तराखंड को स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में लगातार अनुकरणीय सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने स्वामी राम हिमालयन संस्थान के उत्तराखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना की।

## स्कूटी सवार पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित निशान शोरूम के पास तेज रफ्तार वाहन ने पैदल जा रहे एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को पीड़ित के भाई प्रकाश चन्द्र ने बताया कि बीते 6 फरवरी की सुबह उनका भाई जोगा राम अपनी बेटी को लेकर देवलचौड़ में डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। इसी दौरान निशान शोरूम के पास पीछे से आए एक स्कूटी सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में जोगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सर्राफा करोबारी दिल्ली से बरामद

## सिर पर कर्ज चढ़ने की वजह से हो गया था लापता, परिवार के सुपुर्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के लामाचौड़ से अचानक लापता हुए सर्राफा कारोबारी को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है। कारोबारी ने पुलिस के सामने खुलासा किया कि सोने के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण उसे भारी कर्ज का सामना करना पड़ा था, जिससे वह मानसिक दबाव में आकर भाग गया था। थाने में दिए गए बयान में कारोबारी ने बताया कि वह अपने लेन-देन की स्थिति स्पष्ट करेगा और जिन-जिन लोगों के पैसे और जेवर उसके पास बकाया थे, उन्हें वह जल्द ही लौटाएगा। प्रारंभिक जांच में ठगी या गबन जैसे आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी देते हुए मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया लामाचौड़ निवासी एक महिला ने अपने पति के अचानक गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पति सर्राफा व्यवसाय से जुड़ा है। उसके लापता होने के बाद कुछ लोगों ने नगद रकम और जेवर गायब करने के आरोप लगाए। बाद में उसकी स्कूटी लामाचौड़ क्षेत्र में लावारिस हालत में मिली, जिससे संदेह और गहरा गया। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर कारोबारी की लोकेशन ट्रेस की और उसे दिल्ली से बरामद कर मुखानी थाने लाए। यहां आरोप लगाने वालों को बुलाकर बातचीत कराई गई। कारोबारी ने अपने बैंक खातों और लेन-देन का ब्योरा दिखाया। जांच में सामने आया कि कुछ लोगों से उसकी देनदारी थी और कुछ से उसे रकम लेनी थी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शिकायतकर्ताओं और सर्राफा कारोबारी के बीच संवाद के बाद यह स्पष्ट हुआ कि मामला ठगी या गबन का नहीं है। कारोबारी ने बताया कि सोने के दाम अचानक बढ़ने से उसे आर्थिक दबाव झेलना पड़ा। ज्वैलरी तैयार कराने के लिए पहले ली गई रकम पर नुकसान होने लगा, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान होकर चला गया था। जिसके बाद थाने में औपचारिक कार्रवाई के बाद उसे पत्नी की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है।

## बाजार क्षेत्र से फिर हुई चेन स्नैचिंग

**हल्द्वानी।** बाजार क्षेत्र में एक ओर हुई चेन स्नेचिंग की वारदात के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। साहूकारा लाइन बाजार में खरीदारी कर रही महिला के गले से बाइक सवार दो युवकों ने सोने का लॉकेट झपट्टा मार कर फरार हो गए। महिला ने जब विरोध किया तो झपटामार लुटेरे महिला को धक्का देकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मल्ला बमौरी लालडांठ निवासी ललिता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह बीते शुक्रवार को उनकी छोटी बहन पूर्णिमा घरेलू सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी। तभी साहूकारा लाइन में पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने अचानक झपट्टा मारा और गले से सोने का लॉकेट छीन कर फरार हो गए। जब महिल ने विरोध किया तो लूटेरे महिला को धक्का देकर फरार हो गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर दोनों आरोपी फरार हो गए। पुलिस अब घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला शुरू कर दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीडिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी।

## मोबाइल गिरा, खाता खाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र में ठेकेदारी का काम करने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल फोन के गिरने के बाद उसके बैंक खाते से सात लाख रुपये की रकम निकाल ली गई। यह मामला इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि पीड़ित के मोबाइल में कोई भी डिजिटल लेन-देन से संबंधित ऐप्स इंस्टॉल नहीं थीं। पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि मोबाइल गुम होने की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जानकारी के अनुसार काठगोदाम थानाक्षेत्र के चौफुला निवासी राजेन्द्र सिंह ने पुलिस पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह पेशे से ठेकेदार है। पीड़ित ने बताया कि बीते 6 फरवरी को वह किसी काम से बाहर निकले थे, और उनका मोबाइल फोन गिर गया। उन्हें इसका पता तब चला जब वह काफी दूर तक पहुंच चुके थे। इसके बाद उन्होंने काठगोदाम थाने में मोबाइल गुम होने की सूचना दी, लेकिन थाने ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। पीड़ित ने बताया उनके मोबाइल में आधार, बैंक खाता और पैन कार्ड जैसी महत्वपूर्ण जानकारी सेव थी। जब वह कुछ दिनों बाद बैंक पहुंचे, तो पता चला कि 6 से 11 फरवरी के बीच उनके खाते से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल सात लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। यह रकम मकान निर्माण कार्य के लिए उनके खाते में जमा थी। घटना के बाद पीड़ित ने हल्द्वानी साइबर सेल में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल प्रभारी गणेश मनोला ने बताया कि शिकायत के आधार पर ट्रांजेक्शन, बैंक खाता गतिविधियों और मोबाइल से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक समरसता का संकल्प

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्री चारधाम मंदिर लामाचौड़ में सकल सनातन समिति की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन चंदन सिंह किरौला के संयोजकत्व एवं डा. छवि काण्डपाल के संचालन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रांत बाल प्रमुख डा. शील निधि, वक्ता डा. शुभांगिनी, आध्यात्मिक गुरु सोमेश्वर यति महाराज, संत सीताराम बाबा एवं कथाकार कपिल देव मौजूद रहे। मुख्य वक्ता डा. शील निधि ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से की थी। संघ ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को जोड़ने का निरंतर कार्य किया है। भारत प्राचीन काल से ही हिंदू राष्ट्र रहा है, उसे अलग से बनाने की आवश्यकता नहीं है। सोमेश्वर यति महाराज ने कहा कि मातृभूमि और देश के प्राचीन गौरव की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं को संगठित रहना आवश्यक है। डा. शुभांगिनी ने सनातन परंपरा और हिंदू धर्म के उत्थान के लिए संगठित प्रयासों पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान आडर्न पब्लिक स्कूल, एमआईईटी एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लामाचौड़ के छात्र-छात्राओं ने नंदा राजजात यात्रा की झांकी, कुमाऊनी नृत्य तथा झोड़ा-चांचरी की आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में सामाजिक, चिकित्सा, सैन्य एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सज्जन शक्ति को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर जिला प्रचारक जितेंद्र, नगर प्रचारक प्रभाकर, सह जिला बौद्धिक प्रमुख कमलेश, नगर प्रचार प्रमुख डा. नवीन शर्मा, प्रमोद बोरा, तरुण सक्सेना, रवि कुरिया, गिरीश साही, कमलनयन जोशी, प्रताप बोरा, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, मनोज पाठक, राजेंद्र बिष्ट, नवीन भट्ट, रंजन शाह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




## हिंदू राष्ट्र निर्माण का आहवान




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को सकल सनातन समाज के तत्वावधान में एक बैंकट हॉल हिम्मतपुर तल्ला में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में 2000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिससे कार्यक्रम ऐतिहासिक और अत्यंत प्रभावशाली रहा। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सनातन संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण करना और राष्ट्र एवं समाज के प्रति दायित्वबोध को सशक्त करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख प्रो. शिवेंद्र कश्यप ने कहा हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा, मानव का विश्वास जगेगा। कार्यक्रम में महिला वक्ता रेखा नेगी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बताए गए पांच महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। निरंकारी संत समाज से आए वक्ता ने कहा हम सभी राम को मानने वाले लोग हैं, हमें राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

## गीता की शिक्षाओं को बच्चों तक पहुंचाने का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संघ शताब्दी वर्ष के मौके पर रामलीला मैदान में हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्ति वाचन और शंखनाद से हुई। पंडित विवेक शर्मा ने हनुमान चालीसा का पाठ किया, जबकि नूपुर नृत्य कला केंद्र ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस्कॉन हल्द्वानी के अध्यक्ष जय जगदीश ने गीता की शिक्षाओं को बच्चों तक पहुंचाने का संदेश दिया। डा. शुभ्रा कांडपाल ने महिलाओं की समाज में भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण सुरक्षा की महत्ता बताई। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर साध्वी हरिप्रिया माई, मुख्य संयोजक पंडित गोपाल दत्त भट्ट, संयोजक मुकेश गुप्ता, सह संयोजक दिनेश गुप्ता, संरक्षक प्रमोद भट्ट, कनव अग्रवाल, मनोज गुप्ता, अमित जोशी, वासु बिष्ट, भगवान सहाय, विवेक कश्यप, विनोद जायसवाल, सचिन, कैलाश भारती, अतुल अग्रवाल, पंकज कपूर, हरिमोहन अरोरा आदि मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित निशान शोरूम के पास तेज रफ्तार वाहन ने पैदल जा रहे एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को पीड़ित के भाई प्रकाश चन्द्र ने बताया कि बीते 6 फरवरी की सुबह उनका भाई जोगा राम अपनी बेटी को लेकर देवलचौड़ में डॉक्टर को दिखाने जा रहे थे। इसी दौरान निशान शोरूम के पास पीछे से आए एक स्कूटी सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में जोगा राम गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

## जसविंदर यूकेडी के नगर उपाध्यक्ष बने

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड क्रांति दल के नगर अध्यक्ष हरीश जोशी ने संगठन का विस्तार करते हुए जसविंदर पाल सिंह उर्फ संटी को हल्द्वानी का नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

नगराध्यक्ष हरीश जोशी ने कहा कि जसविंदर पाल सिंह लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे है। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ संगठन को अवश्य मिलेगा।

## केरल से हल्द्वानी पहुंचे दुग्ध संघ प्रतिनिधिमंडल का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/लालकुआं।** नैनीताल आंचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष मुकेश बोरा के नेतृत्व में हल्द्वानी स्थित एक बैंक्विट हॉल में एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें केरल के मालावार क्षेत्र से 19 सदस्यीय दुग्ध बोर्ड प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को पारंपरिक कुमाऊनी टोपी पहनाकर और बाबा नीम करोली महाराज की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि इस प्रकार के अंतरराज्यीय भ्रमण से दुग्ध उत्पादन, विपणन और प्रबंधन के अनुभवों का आदान-प्रदान किया जा सकता है, जिससे दोनों राज्यों के दुग्ध संघों को परस्पर लाभ प्राप्त होता है। उन्होंने इसे सहकारिता क्षेत्र में ज्ञान और तकनीकी आदान-प्रदान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम का संचालन मार्केटिंग एवं प्रशासन मैनेजर संजय भाकुनी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रेमलाल, श्रीनिवासन, पीपी नारायण, अनुराग शर्मा, सुभाष, शांति कोरंगा, हेमंत पाल, विपिन चंद्र तिवारी, पूरन मिश्रा, प्रखर शाह, विमल कुमार, कुलदीप रैकवाल, लोकेश शर्मा, सुमित तिवारी, त्रिलोक नगदली, मनोज, पारस, सुमित कुमार, सुमित पांडे, मोहन आदि मौजूद रहे।

# कड़े सुरक्षा घेरे में छोटा कैलाश

## महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवरात्रि आज यानी 15 फरवरी को है, लेकिन छोटा कैलाश में आस्था का सैलाब उमड़ चुका है। छोटा कैलाश में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को लेकर पुलिस सचेत है। मेले की सुरक्षा को लेकर इस बार 107 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा के मद्देनजर एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मेले में इंतजाम को लेकर शनिवार को एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र ने अमृतपुर अमिया इंटर कॉलेज में ड्यूटीरत पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को साफ व स्पष्ट निर्देश दिए कि डयूटी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पार्किंग व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित करने, दर्शनार्थियों को पंक्तिबद्ध तरीके से दर्शन कराने तथा श्रद्धालुओं के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी क्राइम डा. जगदीश चन्द्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर छोटा कैलाश में उमड़ने वाली भीड़ को लेकर तीन कोतवाल, 18 उपनिरीक्षक व अपर उपनिरीक्षक, 61 हैड कांस्टेबल, 25 महिला कांस्टेबल तैनात किए है इसके साथ ही 2 प्लाटून पीएसी, 2 टीमें एसडीआरएफ व 2 फायर ब्रिगेड टीमों के साथ सीपीयू व क्रेन भी तैनात की गई है। वहीं पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें तथा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, ताकि महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। ब्रीफिंग के दौरान एसपी संचार रेवाधर मठपाल, नैनीताल सीओ रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, भीमताल कोतवाल राजेश कुमार यादव सहित कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## कलश यात्रा निकाली सद्भावना सम्मेलन आज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिंदुखत्ता।** सद्भावना सम्मेलन की पूर्व बेला पर शनिवार को बिंदुखत्ता में भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह कलश यात्रा श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता स्थित बिंदेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर बिंदुखत्ता के संजय नगर, पुरानाखत्ता, तिवारी नगर मार्गो से गुजरते हुए वापस बिंदेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। मंगल कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित होकर कलश धारण किया। कलश यात्रा का क्षेत्रीय जनता द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रमुख संयोजक महात्मा सत्यबोधानंद, प्रचारिका बाई, गुंजन बाई, करुणा बाई, मर्यादा बाई, हेमंती बाई, इंद्रावती बाई, तारामती बाई, महात्मा हरिसंतोषानंद, प्रभाकरानंद, आलोकनंद, नित्यानंद, विद्वतानंद, मानसानंद सहित संतोष यादव, रमेश पलडिया, जीवन सिंह रावत, गणेश उप्रेती, भुवन चंद भट्ट, कन्हैया सिंह, जगबीर सिंह, स्वामीनाथ पंडित, शंभूदत्त नैनवाल, भगवान दास वर्मा, उमेश पंडित, देव सिंह राणा, दिनेश कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश यादव, धीर सिंह, नंदन सिंह, प्रकाश भट्ट, धुरंधर सिंह, अजय उप्रेती, जवाहर सिंह दानू, बसंती दानू, गोविंदी देवी, पुष्पा भट्ट, अंजलि नेगी, श्वेता शर्मा, हिमानी रावत, रूबी पंडित, नंदी उप्रेती, बसंती दानू, गीता परिहार आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# विवादों से परे आज होगा भारत-पाक महामुकाबला

● यह मुकाबला, जो पहले से ही अपने जोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई जबरदस्त घटनाओं की बैकग्राउंड में हो रहा




**कोलंबो, वार्ता।** रविवार को क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में यहां आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं।

बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फैसला किया। उनकी जगह, स्कॉटलैंड ने यह पक्का किया कि टूर्नामेंट आसानी से हो सके। शुरू में, खबर थी कि बंगलादेश के नाम वापस लेने के बाद पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने मैच का रिव्यू कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के साथ बातचीत के बाद, पाकिस्तान ने कन्फर्म किया कि वे तय समय पर भारत के खिलाफ खेलेंगे, जिससे फैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का इंतज़ार कर सकें। मैदान पर, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर फेवरेट के तौर पर उतरेगा, जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म में हैं, 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायरपावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है। जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में लगातार मैच जीतकर अपने मोमेंटम के साथ आ रहा है। उनकी ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर फेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुक. ाबला करने का एक भरोसेमंद मौका मिलेगा। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी-20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिल. सिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा। किशन की ज़बरदस्त बैटिंग, पाकिस्तान का टैक्टिकल स्पिन अटैक, और बंगलादेश के हटने और पाकिस्तान के शेड्यूलिग रिव्यू के सुलझने के बाद साइकोलॉजिकल इंटेंसिटी यह पक्का करती है कि यह मैच ड्रामा, हाई-स्टेक कॉम्पिटिशन और यादगार पलों का वादा करता है। स्किल और इमोशन दोनों में, यह मुकाबला क्रिकेट के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक जैसा नज़ारा पेश करने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज की नजरें लगातार जीत पर

**मुंबई, वार्ता।** रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपरा. जित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए।

### कपिल ने पहली गेंद से ही रन बनाने की काबिलियत के लिए अभिषेक शर्मा की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा।

# टेलर, बेन, डेनिस और सिलिच सेमीफाइनल में

● टेलर फिट्ज ने कड़े मुकाबले व चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2) 6-4, 6-7(5) से हराया

**डलास, वार्ता।** टेलर फिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेलर फिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

4-5, 30/15 पहले सेट में, फिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा।

# बुमराह-कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार

## पाक के खिलाफ मैच पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली ने दी बेबाक राय




**दुबई, वार्ता।** मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप को समर्पित अपनी ऑफिशियल सीरीज के दूसरे एपिसोड में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली का खास मेहमान के तौर पर स्वागत किया, जहां इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने बड़ी भविष्यवाणियां, टैक्टिकल जानकारी और भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। अनीस साजन (मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर) के साथ एक गहरी बातचीत में, मोईन ने टूर्नामेंट के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई, जिसमें टीम कॉम्बिनेशन, खास मैच-अप और हालात पर चर्चा की, जिसमें खास तौर पर भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर ध्यान दिया गया, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है, जो दुनिया के खेलों में सबसे मशहूर मुकाबलों में से एक है।

मोईन अली की खास बातें

प्रेमदासा पिच पर:

आम तौर पर, प्रेमदासा में टर्न मिलता है। यह ऐसी सतह है जहां स्पिनरों को मदद मिल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के लिए एक अच्छा विकेट तैयार किया जाएगा ताकि दोनों टीमें अपना नैचुरल गेम खेल सकें और यह एक सही मुकाबला बन जाए।

भारत के खास खिलाड़ियों पर:

अगर आप भारत को देखें, तो सूर्यकुमार यादव वह बैटर हैं जिनके बारे में पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिता करनी चाहिए। वह बहुत तेज़ी से गेम बदल सकते हैं। और बॉलिंग के नज़रिए से, यह जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ही हैं, वह किसी भी कंडीशन में मैच-विनर हैं।

पाकिस्तान के टीम कॉम्बिनेशन पर:

मुझे सच में लगता है कि पाकिस्तान को ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहिए जिसमें फखर जमान खेलें। यह एक बोल्ड फैसला है, लेकिन मेरा मानना है कि वह बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मैं शाहीन अफरीदी और ख्वाजा नफे को भी टीम में देखना चाहूंगा, और टीम का बैलेंस मजबूत करने के लिए विकेटकीपिग रोल में भी बदलाव कर सकता हूं। असल में, मुझे लगता है कि इस मैच के लिए बाबर आजम की जगह फखर जमान को लाना चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ताकत का मुक. ाबला करने का सबसे अच्छा मौका मिल सके और ख्वाजा को विकेटकीपर के तौर पर उस्मान खान की जगह भी लेना चाहिए।

भारत के टीम सिलेक्शन पर:

भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि कुलदीप यादव खेलें। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी दूसरे भारतीय बॉलर से बड़ा खतरा होंगे।

पाकिस्तान की बॉलिंग से खतरा:

पाकिस्तान की तरफ से, मुझे लगता है कि अबरार अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे इंडिया को सच में सावधान रहना चाहिए। उनमें बैटर्स को परेशान करने की काबि. लियत है। मैं उस्मान तारिक का भी ज़िक्र करूंगा क्योंकि वह बहुत चालाक हैं, और इंडिया ने उनका ज्यादा सामना नहीं किया है, जो उन्हें खतरनाक बनाता है।

मैच के नतीजे पर:

आम तौर पर मुझे कहना होगा कि इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा जीत सकता है, ईमानदारी से, जैसे मैं पहली बार कह रहा हूं कि पाकिस्तान जीतेगाष्

टूर्नामेंट के आउटलुक पर:

मेरे चार सेमीफाइनलिस्ट इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैने मुकाबला करना लीड करना और सपने देखना सीखा : कुंबले




● भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चिन्नास्वामी स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत में कुछ ही ग्राउंड ऐसे हैं जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम जितनी यादें, जीत और दुख समेटे हुए हैं। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले शुक्रवार को स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया जो एक युवा दर्शक के तौर पर वहीं से शुरू हुआ और देश के सबसे मशहूर क्रिकेट ग्राउंड में से एक के साथ-साथ आगे बढ़ा।

कुंबले ने याद किया कि नौ साल की उम्र में वह बेंगलुरु की इस जगह पर रणजी ट्रॉफी मैच देखने के लिए पुलिस को चकमा देकर चुपके से निकल गए थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि मैं रोजर बिन्नी को सेंचुरी बनाते देखने आया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं यहां खेलूंगा, या इंडियन कैप भी पहनूंगा। किस्मत ने पलटा खाया, कुंबले के अपने रणजी डेब्यू में भी बिन्नी कप्तान थे, यह एक ऐसे करियर की शानदार शुरुआत थी जिसने इंडियन स्पिन के एक युग को तय किया। उन्होंने स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया, जहां क्रिकेट का हर सबक सीखा गया-एज-ग्रुप मैचों की मुश्किलों से लेकर रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की तेज़ी तक। उन्होंने कहा कि यहीं पर मैंने मुक. ाबला करना, लीड करना और सपने देखना सीखा। स्टैंड्स ने गर्व, दिल टूटना और ऐसे यादगार पल देखे हैं जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। कुंबले ने उन महान खिलाड़ियों को याद किया जिनके नाम अब पवेलियन में सजे हैं। राहुल द्रविड़, शांता रंगास्वामी, जवागल श्रीनाथ और डा. थिम्मापैय्या। उन्होंने कहा कि ए वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटक क्रिकेट को बनाया है, और उनके नाम पत्थर पर खुदे देखना बहुत दिल को छू लेने वाला है। अपनी पर्सनल खास बातों पर बात करते हुए, कुं. बले ने 2007 के टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कप्तानी, 1996 में सचिन तेंदुलकर के साथ टाइटन कप जीतना और 1995-96 में कप्तान के तौर पर रणजी ट्रॉफी उठाना याद किया। वह मुश्किल पलों से भी पीछे नहीं हटे, पाकिस्तान के खिलाफ 1996 के वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल के टेंशन को याद करते हुए, उस प्रेशर को ष्ऐसा बताया जैसा मैंने पहले कभी नहीं झेला।

# आयरलैंड ने ओमान को हराया

**कोलंबो, वार्ता।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुए। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाए। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

# पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए हो बुमराह का इस्तेमाल : संजय बांगर




● कहाः पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते है, खासकर पाक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में बदलावों को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने स्पिन अटैक को और मजबूत करेगा क्योंकि जब उन्होंने 50 ओवर की चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तो उन्होंने चार स्पिनरों का इस्तेमाल किया था। इसे देखते हुए, भारत को साफ तौर पर लगता है कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों को स्पिन का सामना करने में परेशानी हो सकती है। इसलिए, मैं निश्चित रूप से एक सीमर की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन करूंगा, और वह सीमर अर्शदीप सिंह होना चाहिए।

उन्होंने स्पिन खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को हो रही दिक्कत के सवाल पर कहा कि हां, इस विश्वकप के पहले दो मैचों में, भारत ने बीच के ओवरों में स्पिन के कारण विकेट गंवाए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि वे पहले बल्लेबाजी कर रहे थे और उनसे 200-220 रन से अधिक बनाने की उम्मीद थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में, मुझे लगता है कि वे हालात को बेहतर तरीके से समझेंगे। बड़े मैदान पर उनका शॉट चयन थोड़ा अलग हो सकता है।

# मुचोवा-म्बोको में होगा खिताबी मैच




● इस जीत ने कैरोलिना मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया



● विक्टोरिया म्बोको ने एलेना ओस्टापेंको को 6-3 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की

**दोहा, वार्ता।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को एलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचीं। मुचोवा, जिनका एकमात्र डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स टाइटल 2019 में सोल में आया था, शनिवार को पहली बार म्बोको का सामना करेंगी। कैनेडियन का अगले हफ्ते टॉप 10 में आना पक्का है।

# ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय टीम

● दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी भारतीय महिला टीम




**सिडनी, वार्ता।** भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है। अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिंग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस 'वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा कि हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़िटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की 'स्लीपिग जायंट' मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है।

### साइबर सुरक्षा व एथिकल हैकिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन

# साइबर अपराध से जागरूक रहने की जरूरत : सुयाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दि इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर (इंडिया) रुड़की लोकल सेंटर रूड़की ने साइबर सुरक्षा एवं एथिकल हैकिंग विषय पर व्याख्यान आयोजित की गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा द्वारा बताया गया कि साइबर अपराध एक बड़ा खतरा है, और हमें इसके प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। श्री वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत किया।




मुख्य अतिथि श्री शेखर चंद्र सुयाल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हरिद्वार द्वारा अपने व्याख्यान में बताया गया कि कभी भी अपने पासवर्ड, ओटीपी, पिन आदि दूसरों से साझा नही करें। अज्ञात स्रोतों से प्राप्त लिंक कभी भी ना खोलें, साथ ही अनजान चौट ऐप्स को अपने फोन में इंस्टॉल न करें, और अगर इंस्टॉल हैं तो उन्हें तुरंत हटाएं। अनजान ऐप्स को अपने कॉन्टैक्ट लिस्ट, गैलरी, कैमरा, और मेसेजेस का एक्सेस न दें। अगर कोई अनजान ऐप आपके कॉन्टैक्ट्स को एक्सेस कर रहा है, तो उसे तुरंत ब्लॉक करें। अपने फोन में अनजान ऐप्स को इंस्टॉल करने से पहले उनके टर्म्स एंड कंडीशन जरूर पढ़ें। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी फोटो या वीडियो शेयर न करें। अगर आप साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं, तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करें। पुलिस चौकी में भी शिकायत दर्ज कराएं। केवाईसी एनक्वायरी के लिए बैंक में व्यक्तिगत रूप से जाएं, फोन पर रेस्पॉन्स न दें।

इस कार्यक्रम में इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर्स इंडिया के कार्यकारी सदस्य, पंजाब नेशनल बैंक, आईआईटीरुड़की शाखा के प्रबंधक और कर्मचारी, सीबीआई के फैकल्टी, स्टाफ, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की के वैज्ञानिक, कोतवाली साइबर एक्सपर्ट श्री पुष्पेन्द्र उपनिरीक्षक भी उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के मानद सचिव डॉ. सोजू द्वारा सभी श्रोताओं को धन्यवाद अर्पित किया गया।

## वाहन चोरी का खुलासा एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** थाना कोतवाली गंगनहर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2026 को कृष्ण नगर गली नंबर 20 निवासी रविंद्र कुमार पुत्र नकली राम सैनी ने तहरीर देकर बताया था कि 11 फरवरी को अज्ञात चोर उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एकता गैस एजेंसी के पास से चोरी कर ले गया। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर में मुकदमा अपराध संख्या 65/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सुरागरसी-पतारसी करते हुए 13 फरवरी की रात चेकिंग के दौरान नहर पटरी स्थित कब्रिस्तान के पास से 19 वर्षीय साहिब पुत्र साजिद निवासी तेलीवाला, कोतवाली गंगनहर, रुड़की को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक पंकज कुमार, हेड कांस्टेबल लखपत सिंह,कांस्टेबल प्रीतम सिंह शामिल रहे।

## अवैध धंधों व नशे के कारोबार पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : चौकी प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नवनियुक्त लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल ने चार्ज संभालने के बाद अवैध तथा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अवैध तथा नशे का कारोबार पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। तत्कालीन लंढौरा चौकी प्रभारी महिपाल सैनी को एसएसपी द्वारा लाइन हाजिर करने के 21 दिनों बाद अशोक सिरस्वाल को लंढौरा पुलिस चौकी का चार्ज दिया गया है। कनखल थाने से स्थानांतरित होकर लंढौरा चौकी प्रभारी बनाए गए अशोक सिरस्वाल ने चार्ज संभालने के बाद शुक्रवार को मिडिया कर्मियों से रुबरु होते हुए उन्होंने अवैध तथा नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए मिडिया कर्मीयो व आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अपराधीयों अवैध तथा नशा कारोबारियों को जेल की सलाखों के पिछे पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने लंढौरा पुलिस चौकी के स्टाफ से ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभाने की बात करते हुए जनता से मैत्रिकता बढाने की बात करते हुए खनन,सट्टा,गौतस्करों,अवैध तथा नशा कारोबारियों की जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखने की बात कही।



## महाशिवरात्रि पर बीएसएम कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएड के विद्यार्थियों द्वारा महा विद्यालय में महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवशंकर जी की थीम पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के अध्यक्ष एडवोकेट ममतेश कुमार शर्मा एवं संस्थान के निर्देशक एडवोकेट रजनीश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जानकारी के अनुसार मुख्य अतिथि एडवोकेट ममतेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में क्रियात्मक पक्ष, नैतिक मूल्यों एवं आस्था को विकसित करती हैं इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों के सर्वांगीण विकास की कल्पना को प्रदर्शित करती हैं संबोधन के अंत में मुख्य अतिथि ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य एवं महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। अंत में बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. ममता जोशी जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षु बीएड के विद्यार्थियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा के विभिन्न पक्षों को विकसित करने में सहायक सिद्ध होती हैं इसमें विद्यार्थियों की क्रियात्मक गतिविधियां को बढ़ावा मिलता हैं और इस तरह के कार्यक्रम प्रशिक्षु विद्यार्थीयों के पाठयक्रम का अभिन्न अंग हैं. अंत में प्राचार्या ने प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को बधाई संदेश प्रेषित किया गया एवं साथ ही अतिथियों का साधुवाद, धन्यवाद एवं शुभाशीष प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल समिति के सदस्यों द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना शर्मा द्वितीय स्थान रश्मि नायर एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से चंदा एवं तरुण सैनी को घोषित किया गया। इस अवसर पर डॉ सुमित श्रीवास्तव, निमिषा सैनी, सोनिया सैनी, डॉ संगीता सैनी,भारत चन्द, अमित कुमार, अविनाश आदि उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाई महाराजा सूरजमल की 319वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जाट समाज सेवा समिति (पंजी०) द्वारा वीरता, दूरदर्शिता और सुशासन के प्रतीक महाराजा सूरजमल की 319-वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। सिविल लाइन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और महान शासक को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुभारंभ महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। किसान आयोग के अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि महाराजा सूरजमल केवल पराक्रमी योद्धा ही नहीं,बल्कि कुशल प्रशासक और जनकल्याणकारी शासक भी थे।उन्होंने अपने शासनकाल में न्याय,समानता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया,जिससे उनका नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ०मधु सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराजा सूरजमल के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने राज्य को मजबूत बनाया।वरिष्ठ भाजपा नेता ऋषिपाल बालियान ने शिक्षा,आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता पर जोर दिया। कांग्रेस महानगर रुड़की जिलाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल का जीवन संघर्ष,साहस और लोककल्याण की भावना से प्रेरित था।समिति के संरक्षक चौ०राजेंद्र सिंह ने उनके आदर्शों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया।समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह पंवार ने कहा कि समाज को संगठित रहकर शिक्षा और जागरूकता पर विशेष ध्यान देना चाहिए।वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं पूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग रश्मि चौधरी ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।युवा समाजसेवी चौ०रोबिन सिंह साखन के नेतृत्व में संगठन का विस्तार किया गया। इसमें सुनीता पंवार को जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष और अक्षय चौधरी को भगवानपुर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा कार्यकारिणी विस्तार के आदेश दिए गए।




# उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में आने के बाद से ही झबरेड़ा कस्बा लगातार उपेक्षा का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा झबरेड़ा उत्तराखंड राज्य का दक्षिण दिशा का आखिरी गांव है। उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड में आने के बाद से ही यह कस्बा लगातार उपेक्षा का शिकार हुआ है। कस्बा व क्षेत्र वासियों का कहना है कि जब वह उत्तर प्रदेश में थे तो यहां पर सभी सुविधाएं मिलती थी ।राज्य गठन के बाद धीरे-धीरे वह सभी सुविधाएं सिमटती चली गई। कस्बा झबरेड़ा व क्षेत्र निवासी यशवीर सिंह चौधरी बिरम सिंह आत्माराम सैनी डॉक्टर जोध सिंह इंद्रेश कुमार सुलेमान मलिक अतुल जैन रईस अहमद जमशेद मलिक आदि का कहना है कि उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड बनने के बाद झबरेडा कस्बा विकास करने के बजाय पिछड गया है। यहां से मूलभूत सुविधाएं धीरे-धीरे समाप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के समय कस्बे में बस संचालन के लिए मुख्य अड्डा हुआ करता था। यहां से दर्जनों की संख्या में बसे चलती थी। कस्बा के बस अड्डा से बसे गुरुकुल नारसन देवबंद मंगलौर रुड़की इकबालपुर सहारनपुर आदि रूटों के लिए संचालित होती थी। हालांकि यह सभी बसें प्राइवेट हुआ करती थी। इन्हीं बसो से कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए शहरों में आते जाते थे। छात्र-छात्राओं को हर आधे घंटे के लिए बाहर शहरों में आने जाने के लिए बसे तैयार मिलती थी। जिससे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी उस समय यातायात के साधनों की कोई कमी नहीं थी। उत्तराखंड राज्य बनते ही यहां की सरकार की गलत नीतियों के कारण सभी बसें बंद हो गई। अब कस्बे से अन्य स्थान पर जाने आने के लिए ऑटो ही एकमात्र साधन रह गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के समय कस्बे में धान तथा गुड़ की बड़ी मंडी हुआ करती थी ।उत्तराखंड बनते ही यह मंडी पूरी तरह बंद हो गई। कस्बे में एक भी विज्ञान तथा कृषि वर्ग का डिग्री कॉलेज नहीं है। उच्च शिक्षा के लिए आज भी कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राएं रुड़की तथा अन्य शहरों में जाते हैं। आने- जाने के लिए पर्याप्त यातायात की सुविधा नहीं होने के कारण छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए दूसरे शहरों में ही रहने का भी इंतजाम करना पड़ता है जो अभिभावको के लिए महंगा सिद्ध हो रहा है।

## राशन डीलर पर नवंबर का राशन गबन करने का आरोप

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के खानपुर क्षेत्र स्थित मिर्जापुर गांव में ग्रामीणों ने राशन डीलर पर नवंबर माह का राशन न देने और केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर ने केवाईसी के नाम पर अंगूठे लगवाकर नवंबर का राशन हड़प लिया है और अब दिसंबर माह का राशन बांटा जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, डीलर द्वारा हर यूनिट पर 10 रूपये लिए जा रहे हैं। लोगों को डर है कि कहीं जनवरी-फरवरी का राशन भी इसी तरह न हड़प लिया जाए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि डीलर अधिकारियों से अच्छे संबंध होने की धमकी देकर किसी भी कार्यवाही से बेखौफ होने की बात कहती है। दिव्यांग महिला ने लगाया गंभीर आरोपमामले में एक दिव्यांग महिला नेबेहद गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि डीलर ने उसका राशन कार्ड अपने पास रख लिया है और नया कार्ड बनाने के नाम पर 3000 की मांग की जा रही है। महिला ने आरोप लगाया कि डीलर ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और धमकी दी कि जो तुमसे हो सके कर लेनाण्डीलर का पक्षवहीं, राशन डीलर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए मौखिक रूप से कहा कि वह दिसंबर माह का राशन बांट रही है और नवंबर माह का राशन पहले ही वितरित किया जा चुका था।फिलहाल ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि राशन का सही वितरण नहीं किया गया, तो वे उच्चाधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे।

### मंगलौर विधायक ने राज्य सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# राज्य में कानून व्यवस्था चौपट, लोगों में दहशत : निजामुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर से विधायक काजी निजामुद्दीन ने शनिवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तराखंड की कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है और आम जनता असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है।

विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार पुलिस को उसके मूल दायित्वों से हटाकर खनन जैसे कार्यों में लगा रही है, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस को अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए, न कि अन्य प्रशासनिक या राजनीतिक कार्यों में उलझाया जाना चाहिए। "सरकार पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। पुलिस को उसका ही काम करने दिया जाए," उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिन-दहाड़े गोलीकांड और हत्याएं हो रही हैं, जिससे भय और अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। देहरादून में हुए गैंगस्टर विक्रम हत्याकांड का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बाहरी राज्यों से अपराधी किस्म के लोग उत्तराखंड में आकर बस रहे हैं और गैंगवार जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो प्रदेश की शांतिप्रिय छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि "जब बाहरी लोग यहां आकर चुनाव लड़ेंगे, जीतेंगे और सरकार चलाएंगे, तो प्रदेश में अपराध बढ़ना स्वाभाविक है।" उन्होंने सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रेसवार्ता के दौरान पालिका अध्यक्ष मोइउद्दीन अंसारी, पूर्व अध्यक्ष चौधरी इस्लाम, जुल्फिकार अख्तर, नूर आलम अंसारी, डॉ. भंवरा, मोनू प्रधान, संदीप कुमार सहित कई स्थानीय नेता एवं समर्थक उपस्थित रहे। विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि विपक्ष प्रदेश की कानून व्यवस्था के मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगा और जरूरत पड़ी तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी किया जाएगा।



## चेकिंग के दौरान चाकू सहित एक युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसएसपी हरिद्वार द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सघन चौकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। इसी के तहत एक आरोपी को चाकू समेत पकड लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा दिनांक-13.02.2026 को थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाया गया, चैकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे 'मोइन पुत्र इमरान' निवासी-ग्राम चौल्ली शहाबुद्दीन कोतवाली भगवानपुर जिला हरिद्वार को चौकी मण्डावर क्षेत्रान्तर्गत रोककर चौक किया गया तो अभियुक्त मोइन के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। अभियुक्त किसी बडी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से मण्डावर क्षेत्र में घूम रहा था। वाद गिरफ्तारी अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## संदिग्ध हालात में व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस कंट्रोल रूम से समय 13.45 बजे थाना भगवानपुर को सूचना प्राप्त हुई कि अम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री सिकंदरपुर भैंसवाल की ट्रक पार्किंग में खडे ट्रक की बाडी में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली है। सूचना पर थाना भगवानपुर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां पर ट्रक पार्किंग में गेट न0-2 में खडे ट्रक की बॉडी में पीछे छत पर लगे लोहे के पाइप से सामान का बांधने वाली बेल्ट से फाँसी लगा रखी है। मृतक की पहचान रामकुमार पुत्र सतपाल के रूप में हुई।

### कांग्रेस का 16 फरवरी को देहरादून में होगा हल्ला बोल

# भाजपा के पाप का घड़ा भरा : वीरेंद्र रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सरकार को घेरते हुए हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत ने प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाओं,बेरोजगारी और अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश में श्गुंडाराजश हावी है और सरकार कानून व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता ने कहा कि शासन के पास वही अधिकारी हैं,किन्तु सरकार उनसे काम लेने में सक्षम नहीं है।प्रदेश का युवा आज सड़कों पर है और बेरोजगारी अपने चरम पर है।अंकिता भंडारी मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई जांच में भी बड़े स्तर पर श्झोलश नजर आ रहा है,जिससे जनता का विश्वास डगमगा गया है।आगामी 16 फरवरी को देहरादून में होने वाले प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करें।पार्टी एकजुट है और हर कार्यकर्ता इस लड़ाई के लिए तैयार है।भाजपा की जनविरोधी नीतियों का जवाब अब जनता सड़कों पर उतर कर देगी।संगठन को अनुशासित और मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने नई रणनीति अपनाई है।अब पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों के लिए एक विशेष कमेटी बनाई जा रही है। कमेटी से वार्ता और उनकी रिपोर्ट के बाद ही किसी को सदस्यता दिलाई जाएगी।इसी कड़ी में आज दर्जनों युवाओं ने पार्टी की रीति-नीति पर भरोसा जताते हुए कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष कलीम खान,सुभाष सैनी,सुधीर शांडिल्य, मोहम्मद रिजवान,वरिष्ठ नेता ईश्वर लाल शास्त्री,हेमेंद्र चौधरी, मेघा जैन,जितेंद्र सैनी, संदीप सैनी,मनोज जयंत, गुड्डू तोमर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# पाईन वुड ग्लोबल हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शनिवार को रुड़की पाईन वुड ग्लोबल हाई स्कूल के कार्यक्रम में राज्य मंत्री सुनील सैनी मुख्य अतिथि रहे स पाइनवुड स्कूल में एक शानदार 'विज्ञान प्रदर्शनी' आयोजित की गई स प्रदर्शनी में छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभा कर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडल, प्रयोग और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया, जो दर्शकों को आकर्षित कर रहे थे। छात्रों ने अपनी परियोजनाओं के माध्यम से विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझाने का प्रयास किया, जैसे कि भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान,सोलर ऊर्जा वॉटर पॉल्यूशन, एयर पॉल्यूशन, चंद्रयान आदि।

इस अवसर पर स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री साजिद अली ने छात्र-छात्राओं की सराहना की और उन्हें विज्ञान में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री सुनील सैनी, राज्य मंत्री ने छात्र/ छात्रों को संबोधित किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की और छात्र /छात्रों को बताया की किताब के काले अक्षर में ही कल का उजाला छिपा हुआ है, विज्ञान वि और ज्ञान अक्षर से मिलकर बना है, विज्ञान एक अनंत खोज है, विज्ञान हमें संघर्ष करने की प्रेरणा देता है, विज्ञान की शिक्षा हमें जीवन को बेहतर बनाने का तरीका सिखाती है, विज्ञान हमारी सोच को विस्तारित करता है, विज्ञान मानवता के लिए सुंदर उपहार है। राज्य मंत्री ने प्रबंध निर्देशक साजिद अली , निदेशक सरोज अली ,समस्त शिक्षक गण अभिभावक गण एवं समस्त छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में प्रबंध निर्देशक साजिद अली , निदेशक शहरोज अली, शिक्षिका अरशी खान, डिम्पल कालरा अनम सैयद,सदफ,अक्सा खान आदि उपस्थित रहे।



# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद

■ प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी। बीएसएफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आरएस पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया। शनिवार सुबह तलाशी के दौरान नई बस्ती करोताना स्थित गेहूं के खेत से पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए। बरामद सामग्री के पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना हुआ



■ ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं: ईरानी विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रायटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका का यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हार्नेट फाइटर जेट और ई-2 हाकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता। ट्रम्प ने फरवरी की शुरुआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बात. चीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

### यूरेनियम संवर्धन समझौते का मुद्दा नहीं: ईरान

**ईरान** को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। अमेरिकी जंगी जहाज यूएसै अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान

## बीएनपी अध्यक्ष ने कहा: आज से सभी आजाद, लोगों ने मुश्किलें उठाकर लोकतंत्र का रास्ता बनाया



■ भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। रिजल्ट चाहे जो भी रहे हों, सभी पार्टियों को बधाई। तारिक ने कहा कि लोकतांत्रिक सिस्टम में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं। अगर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं, तो देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। आखिर में उन्होंने चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण की प्रोसेस हिस्सा लेने और सुझाव देने की अपील की। बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल की। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। चुनाव परिणाम के बाद तारिक रहमान ने शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा की और अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। तारिक रहमान पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। उन्होंने 1988 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जाइन की। 2001 के चुनाव में संगठनात्मक काम से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 2006 के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और 2007 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। 2008 में इलाज के लिए वे लंदन चले गए और करीब 17 साल तक देश से बाहर रहे। इस दौरान वे पार्टी के सीनियर उपाध्यक्ष और बाद में कार्यकारी अध्यक्ष बने। उन पर कई मामले दर्ज हुए, लेकिन बाद में अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया। पिछले साल वे बांग्लादेश लौटे और मां के निधन के बाद पार्टी की कमान संभाली। हालिया चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान अब देश के प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बन गए हैं।

### पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत

**ढाका।** बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए। इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं। ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे।

### बांग्लादेश में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है। सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गई और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है'। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर 'बेहद भयावह' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं-पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा कि अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया। सोशल मीडिया ट्रुथ पर ट्रम्प के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था। ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि 10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए और रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'सबसे कठिन' बताया।



श्रीनगर। शालीमार परिसर में एसकेयूएएसटी-के द्वारा आयोजित कृषि-तकनीक मेले 'गोंगुल' में एक उद्यमी पिरामिड के आकार के स्टॉल में कश्मीरी सेबों को सजाते हुए।

### रूस के साथ रिश्ते टूटने की वजह से फिनलैंड मुश्किल में है: कुजनेत्सोव

**हेलेंस्की।** फिनलैंड में रूस के राजदूत पावेल कुजनेत्सोव ने कहा है कि रूस के साथ संबंध टूटने के कारण फिनलैंड संकट का सामना कर रहा है। देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शून्य वृद्धि, तेजी से बढ़ता राज्य ऋण और बजट घाटा बहुत ज्यादा है। कुजनेत्सोव ने कहा कि फिनलैंड अपने आधुनिक इतिहास के सबसे कठिन दौर में से एक से गुजर रहा है।

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया: ट्रम्प

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: एक दिन सब पता चलेगा



■ अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।

हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इन्कार किया। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयार्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। अमेरिकी जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बाम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफार्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं: फेडरिक मर्ज

## जर्मन चांसलर मर्ज बोले: अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म



■ दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है, सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे

**म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कान्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। फेडरिक मर्ज ने जर्मनी के म्यूनिख में 13 से 15 फरवरी तक हो रहे म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा कि आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेगा आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उघन सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था।

# अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

■ स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है।

श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है। ईस्ट बे रीजनल पार्क डिस्ट्रिक्ट की मदद से लेक अंजा और बर्कले हिल्स के आस-पास के इलाकों में तलाश की कोशिशें की जा रही हैं। सामुदायिक और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रीनिवासैया का बैकपैक (जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप था) टिल्डेन रीजनल पार्क के पास एक घर के पास मिला, जिससे तलाश अभियान और तेज हो गई है।



# प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है ओ रोमियो

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय सफर पर ले जाती है। आज ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 59 मिनट है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान यानि नाना पाटेकर के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उसकी असली वजह फिल्म के पहले हिस्से में पूरी तरह सामने नहीं आती। यहीं से कहानी में सस्पेंस पैदा होता है। उस्तरा और अफशां के बीच एक अजीब सा रिश्ता बनता है, जिसमें भरोसा भी है और शक भी। फिल्म का दूसरा हिस्सा इसी रिश्ते के असली मायने खोलता है। अफशां का मकसद, उस्तरा की कमजोरी और दोनों का अतीत जब सामने आता है, तब कहानी पूरी तरह रंग पकड़ती है। यही सस्पेंस फिल्म को साधारण गैंगस्टर कहानी बनने से रोकता है।

**एक्टिंग**– शाहिद कपूर ने उस्तरा के किरदार को बेहद असरदार तरीके से निभाया है। उनके चेहरे की खामोशी, आंखों का गुस्सा और एक्शन सीन में उनकी आक्रामकता किरदार को मजबूत बनाती है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां शाहिद बिना बोले ही भावनाएं जाहिर कर देते हैं। यह उनके करियर के बेहतरीन अभिनय में से एक माना जा सकता है। तृप्ति डिमरी अफशां के किरदार में चौंकाती हैं। पहले हिस्से में वह शांत और संयमित नजर आती हैं, लेकिन दूसरे हिस्से में जब उनके किरदार की परतें खुलती हैं, तब उनका आत्मविश्वास और आक्रोश साफ दिखाई देता है। शाहिद और तृप्ति के बीच की केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगती और कहानी को आगे बढ़ाती है।

विशाल भारद्वाज कहानी को जल्दबाजी में नहीं दौड़ाते। पहला हिस्सा जानबूझकर धीमा रखा गया है ताकि किरदारों की परतें तैयार हो सकें। यही तैयारी दूसरे हिस्से में काम आती है। जब कहानी अपने मोड़ लेती है, तब दर्शक भावनात्मक रूप से पहले से जुड़ा होता है। छायांकन मुंबई के उस दौर को जीवंत करता है। अंधेरे रंग, समुद्र का किनारा और तंग गलियां कहानी के मूड को मजबूत करती हैं। संपादन संतुलित है और पटकथा में भावनाओं, सस्पेंस और हिंसा के बीच तालमेल बना रहता है। संवाद कम हैं, लेकिन असरदार हैं। शाहिद कपूर का सधा हुआ और दमदार अभिनय दिखा है। शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच छुपा सस्पेंस दूसरे हिस्से की कहानी में खुलता है। संगीत और संवादों के बीच का संतुलन अच्छा है। फिल्म का पहला हिस्सा कुछ दर्शकों को धीमा लग सकता है, कुछ गैंगस्टर किरदार ज्यादा विस्तार मांगते हैं।

**फिल्म का संगीत**– फिल्म का संगीत कहानी के साथ बहता है। विशाल भारद्वाज का संगीत और गुलजार के बोल गानों को फिल्म का हिस्सा बनाते हैं, न कि अलग से जोड़ा गया तत्व। रोमांटिक गीतों में सादगी है और नृत्य गीतों में ऊर्जा। पृष्ठभूमि संगीत कई अहम दृश्यों में तनाव और भावनाओं को गहराता है।

**फाइनल वर्डिक्ट**– ओ रोमियो ऐसी फिल्म है जो धैर्य मांगती है और उसका इनाम भी देती है। अगर आप केवल तेज रफ्तार की उम्मीद लेकर जाएंगे, तो पहला हिस्सा भारी लग सकता है, लेकिन अगर कहानी और किरदारों में रुचि रखते हैं, तो दूसरा हिस्सा आपको बांध लेगा। शाहिद कपूर फिल्म को मजबूती से संभालते हैं और तृप्ति डिमरी उनके साथ बराबरी का असर छोड़ती हैं। विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की शैली इस फिल्म को खास बनाती है।

**अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज व शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाएगी।**

# कृतिका और गौरव ने शादी के लिए चुना सादगी भरा जश्न

**मुंबई।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण



तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नही, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी कभी भी बड़े स्तर का प्रदर्शन नही थी, बल्कि उसका महत्व ज़्डादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर घेर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।




# नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल-रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूजिक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे-जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बताया, यहां मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहां भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नही थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी। उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है।






## सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे ज्यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमा. शनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है। अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वही, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

# रागिनी 3 में तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आएगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म रागिनी 3 का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे।

रागिनी 3 एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है।

यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनाभी है, जिन्होंने पहले वीरे दी वेडिग और फेडी जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में रागिनी 3 के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है।

तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थी। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नही होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है।

एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रागि. नी 3 पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नही दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।